54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.0°c अधिकतम 33.5 °c

॥ अमृतवाणी ॥

जीवन में कठिनाइयाँ वही आती हैं, जहाँ कुछ बड़ा हासिल करना होता है !!

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सपा सरकार बनने पर किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान 24 घंटे में होगा,किसानों को भरपूर बिजली दी जाएगी : अखिलेश यादव



हम को मालूम है जन्नत की हकीकत लेकिन.....दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये खयाल अच्छा है....

सूर्योदय - 6:04, सूर्यास्त - 6:23 | वर्ष : 54/ अंक : 256 | बुधवार, 16 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

पंचायत में धमकी के बाद प्रेमी के पिता की ऐलानिया हत्या

- पीननना बाईपास के निकट सीने में गोली मारकर मर्डर
- फरार हुआ प्रेमी जेल में और प्रेमिका है नारी निकेतन में
- युवती के तीन भाईयों सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। बेटे के प्रेम संबंधों की सजा एक पिता की हत्या कर दी गई। पंचायत में खुले आम धमकी के बाद आज पीनना बाईपास के निकट प्रेमी के पिता प्राइवेट फैक्ट्री के सिक्योरिटी गार्ड की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह साइकिल पर सवार होकर ड्यूटी पर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर, खालापार व शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। सिक्योरिटी गार्ड का पुत्र एक माह से गांव की ही एक युवती को लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया गया था, युवक जेल में है। इसी रंजिश में युवती के भाई व परिजनों ने युवक के पिता सिक्योरिटी गार्ड की हत्या कर दी। पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव किनौनी निवासी 50 वर्षीय सुभाष सिंह बुढ़ाना मोड़ पर स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। मंगलवार की सुबह जब वह ड्यूटी पर जाने के लिए घर से साइकिल पर सवार होकर निकला तो शहर कोतवाली क्षेत्र में पीनना बाईपास के निकट हमलावरों ने उसे रोक लिया और सीने से सटाकर गोली मार दी। वारदात को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार सिक्योरिटी गार्ड का बेटा आकाश 17 अगस्त को गांव की एक युवती को लेकर फरार हो गया था। युवती के पिता की तहरीर पर शाहपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 7 सितम्बर को युवती को बरामद करते हुए आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वर्तमान में युवती सहारनपुर नारी निकेतन में है, जबकि आकाश जेल में बंद है। इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। दोनों पक्ष एक ही बिरादरी के होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। फिलहाल तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस कप्तान संजय कुमार वर्मा क्राइम ब्रांच व फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेकर हमलावरों की तलाश में टीमें गठित की हैं।



मृतक का फाइल फोटो



कशिश बालियान



आकाश

पंचायत में युवती के भाई और पिता ने खुले आम दी थी हत्या की धमकी

मुजफ्फरनगर। घटना को लेकर सिक्योरिटी गार्ड के बड़े पुत्र सागर ने शहर कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसका छोटा भाई आकाश गांव की युवती को लेकर चला गया था। दोनों स्वेच्छा से शादी करने के लिए गांव से गए थे। युवती ने अपने परिजनों से जान का खतरा बताया था, इस कारण उसे पुलिस ने नारी निकेतन भेज दिया था। गांव में इस बात को लेकर पंचायत भी हुई थी, जिसमें सरेआम युवती के भाई शुभम उर्फ हरिओम व पिता सतेन्द्र ने सरेआम मारने की धमकी दी थी। सागर ने बताया कि मंगलवार को सुबह पीनना बाइपास पर तीन बाइकों पर आए शुभम उर्फ हरिओम, विमल उर्फ कुक्की व बंटी पुत्रगण उदल, शुभम उर्फ छोटन पुत्र सुरेश व उदल निवासीगण किनौनी थाना शाहपुर ने उसके पिता को रोक लिया। अन्य आरोपियों ने उसके पिता के हाथ-पकड़ लिए, जबकि शुभम उर्फ हरिओम ने उसके पिता को सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत की मौजूदगी में हुई थी पंचायत

मुजफ्फरनगर। मृतक के भाई मदनपाल का कहना है कि मामले को लेकर दोनों को पुलिस ने फरारी के बाद युवक को गिरफ्तार और युवती को नारी निकेतन भेज दिया था। उसका कहना है कि युवती ने पुलिस के सामने बयान देकर अपनी मर्जी से युवक के साथ जाने की बात कही थी। बाद में पुलिस ने युवक को जेल और युवती को नारी निकेतन भेज दिया था। उनका कहना है कि इसे लेकर गांव में हुई पंचायत में भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत भी शामिल थे। उनका कहना है कि पंचायत में दोनों पक्षों को समझाने बुझाने की बात कही गई थी। चौधरी टिकैत ने कहा था कि लड़के-लड़की को समझा लो और लड़की को उसके परिवार को सौंप दो और लड़के को उसके घर भेज दो। मदनपाल का कहना है कि इस पंचायत के बाद सबकुछ ठीक-ठाक था, लेकिन आज अचानक उसके पिता को निशाना बना लिया गया। उसने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उनके परिवार की लड़की को उनके हवाले करने की मांग की है।



इन्सेट में मृतक व घटनास्थल का जायजा लेते एसएसपी





विलाप करते परिजन

दबंगों ने की 70 वर्षीय वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या, शव सड़क पर रखकर लगाया जाम

मामूली गाली-गलौच के बाद खुली सड़क पर हमला, मारपीट का वीडियो वायरल

बुढ़ाना, 15 सितंबर (बु.)। थाना फुगाना क्षेत्र के गांव खरड़ में दबंगों द्वारा मंगलवार को करीब 70 वर्षीय वृद्ध जयसिंह पुत्र सीरिया की दबंगों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। सरेआम हत्या की घटना के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। मारपीट का सीसीटीवी फुटेज वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग वृद्ध के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं।

बताया गया कि जयसिंह गांव में सिरका बेचने का काम करते थे। परिजनों के अनुसार, करीब दस दिन पहले जयसिंह के बड़े बेटे ओमवीर के साथ भी इन्हीं लोगों ने मारपीट की थी। इसके बाद दोबारा विवाद हुआ और जयसिंह के साथ मारपीट की गई। मृतक के पुत्र बाबू ने बताया कि आज सुबह कुछ गाली-गलौच की घटना हुई थी। इसके बाद शाम करीब साढ़े सात बजे उसके पिता को बुरी तरह से मारा पीटा गया।





गंभीर हालत में वृद्ध को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फुगाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ फुगाना नरेंद्र यादव भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। परिजनों व ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर हंगामा किया और जाम लगा दिया। पुलिस शव का कब्जे में लेने के लिए पहुंची तो ग्रामीणों और परिजनों ने शव उठाने का विरोध किया।

शेष समाचार पृष्ठ-4 पर पढ़ें

यूपी में 15 हजार शिक्षकों की बंपर भर्ती : जारी किए गए दो विज्ञापन

प्रयागराज, 15 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में युवाओं को शिक्षक भर्ती के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक भर्ती से संबंधित दो महत्वपूर्ण विज्ञापन जारी किए गए हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि इन विज्ञापनों के माध्यम से कुल 15,012 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी (अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों) के 897 रिक्त पदों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक अध्यापक, शहरी के 11,508 रिक्त पदों का विज्ञापन जारी किया गया है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू की है। अभ्यर्थियों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही संबंधित पदों के लिए आवेदन करना होगा।

1 करोड़ रुपये की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। थाना बुढ़ाना पुलिस ने 218 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 1 करोड़ रुपए आंकी है। गिरफ्तार तस्कर शाहजहांपुर व बरेली से स्मैक खरीदकर लाता था और उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विभिन्न जनपदों में स्मैक को सप्लाई करता था। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसका चालान कर दिया है। पुलिस कप्तान संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी कि बुढ़ाना पुलिस को सूचना मिली कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला एक तस्कर बसी तिराहे पर मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए तस्कर अहसान राणा निवासी गांव नंगला, थाना रतनपुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर से 218 ग्राम स्मैक व एक इलेक्ट्रॉनिक धर्मकांटा बरामद किया है। बरामद स्मैक की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपये कीमत आंकी है। पुलिस पूछताछ में तस्कर ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों से शाहजहांपुर व बरेली जनपद से स्मैक खरीदकर लाता था। उसके बाद स्मैक को उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जाता था। आरोपी पिछले काफी समय से स्मैक की तस्करी कर रहा है। पुलिस ने उसके अन्य साथियों की तलाश में जुट गयी है। जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 15 हजार रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



बिजनौर में सरकारी टीचर की गोली मारकर हत्या

बिजनौर, 15 सितंबर (एजेंसी)। मंगलवार को दोपहर 2 बजे एक सरकारी टीचर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शिक्षक पुरुषोत्तमपुर प्राथमिक विद्यालय से बाइक से घर लौट रहे थे। वह 150 मीटर दूर ही पहुंचे थे, तभी युवक ने उनके पेट पर गोली मार दी। आसपास के लोग शिक्षक को लेकर नजीबाबाद स्थित एचएमएच अस्पताल पहुंचे। जहां से उन्हें ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया। जहां उनकी मौत हो गई। वहीं आरोपी ने खुद थाने पहुंचकर सरेंडर किया है। ये मामला बिजनौर के नजीबाबाद क्षेत्र के शौपुरी गांव का है। शिक्षक का नाम नौशाद (40) था। नौशाद मंडावली थाना क्षेत्र के गांव सिकरौड़ा में पिछले कई वर्षों से राहतपुर खुर्द में मकान बनाकर रह रहे थे। स्कूल से उसके घर की दूरी 10 किलोमीटर थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। अभी गोली मारने का कारण साफ नहीं है। मामले में थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार से शिकायत मिलने और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी ने साईकिल का उठाया आनन्द, ग्राम प्रहरियों को मिली साईकिलें





मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बुस.)। रिजर्व पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) को साइकिल वितरित की। इस दौरान जनपद के समस्त अनुचरों को ड्रेस भी प्रदान की गई। एसएसपी ने स्वयं साइकिल चलाकर ग्राम प्रहरियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों से अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को तत्काल पुलिस तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस और ग्रामीण जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। गांव स्तर पर कानून-व्यवस्था से जुड़ी सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका है। साइकिल मिलने से ग्राम प्रहरियों को अपने क्षेत्रों में भ्रमण और निगरानी करने में सुविधा होगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के समस्त अनुचरों को ड्रेस उपलब्ध कराई गई। इससे उनके कार्यों में एकरूपता, अनुशासन और विभागीय गरिमा बनाए रखने में मदद मिलेगी। एसएसपी ने कहा कि पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने से उनकी कार्यक्षमता और मनोबल बढ़ता है। उन्होंने ग्राम प्रहरियों एवं अनुचरों को निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सुरक्षित वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। पुलिस द्वारा ग्राम स्तर तक अपनी पहुंच मजबूत करने को अपराध नियंत्रण और प्रभावी कानून-व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

विवादित डिवाइन हॉस्पिटल फिर सुर्खियों में : 14 साल के बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने लगाए लापरवाही के आरोप

मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रुड़की रोड स्थित डिवाइन हॉस्पिटल एक बार फिर विवादों में घिर गया। यहां 12 सितंबर से भर्ती 14 वर्षीय बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मामले की



शिकायत मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की टीम अस्पताल पहुंची और पूरे प्रकरण की जांच की। परिजनों के अनुसार, बच्चे को हाई ब्लड शुगर की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि इलाज के दौरान बच्चे की किडनी की कार्यक्षमता कम होने लगी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर मरीज की बजाय पैसे पर अधिक ध्यान देने का आरोप लगाया। मामले की जानकारी मिलने पर सीएमओ कार्यालय से डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम अस्पताल पहुंची। टीम ने बच्चे के उपचार से सम्बंधित दस्तावेजों और व्यवस्थाओं की जांच की। जांच के दौरान सामने आया है कि बच्चे को हाई ब्लड शुगर के कारण भर्ती कराया गया था और उपचार के बाद शुगर कुछ हद तक नियंत्रित है, हालांकि इस दौरान किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित हुई है। डिप्टी सीएमओ के मुताबिक, हाई ब्लड शुगर जैसी स्थिति में कई बार किडनी पर भी असर पड़ सकता है। वहीं, बच्चे के दादा असगर मलिक ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों और स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद अस्पताल को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



सास की डांट से क्षुब्ध विवाहिता ने बाथरूम में बंद होकर फांसी लगाकर आत्महत्या की

मीरापुर, 15 सितम्बर (बु.)। गांव कुतुबपुर में सास की डांट से क्षुब्ध होकर एक विवाहिता ने खुद को बाथरूम में बंद कर फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने बाथरूम की दीवार तोड़कर शव को बाहर निकाला और शव का पंचनामा भरकर

पुलिस ने बाथरूम की दीवार तोड़कर शव को बाहर निकाला

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार कुतुबपुर निवासी तौफीक के चार पुत्र बिलाल, अदनान, कासिम, नाजिम हैं। वर्ष 2017 में शामली के गांव राई नंगला निवासी आयशा पुत्री महबूब का निकाह बिलाल के साथ तथा उसकी छोटी बहन अर्शेजहां का निकाह अदनान के साथ हुआ था। आयशा के तीन लड़की व दो लड़के हैं। परिजनों के अनुसार मंगलवार की शाम आयशा घर का काम कर रही थी तभी सास शमीम ने उसे घर में रखे चावल किसी जरूरतमंद को देने के लिए कहा तो इसी बात को लेकर सास से कुछ कहासुनी हो गई, जिससे आयशा नाराज हो गई। बताया गया है इस पर सास ने उसे डांट दिया, जिससे वह क्षुब्ध हो गई और इसके बाद आयशा नाराज होकर कुछ दूरी पर स्थित अपने घेर में चली गई और स्वयं को घेर में बने बाथरूम में बंद कर लिया और अपने दुपट्टे का फंदा बनाकर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। जब काफी देर तक वह नहीं दिखाई दी तो बच्चों व अन्य परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, जिस पर घेर के बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद होने और कोई आवाज नहीं आने पर परिजनों को शक हुआ तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर चौकी इंचार्ज योगेश तेवतिया,





आत्महत्या को लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त

मीरापुर। कुतुबपुर में महिला आयशा की आत्महत्या को लेकर परिजन व पुलिस सास की बात से क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने की बात बता रहे हैं, किंतु गांव में आयशा की आत्महत्या को लेकर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चा व्याप्त हैं।

इंस्पेक्टर राजीव शर्मा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुँच गए तथा दरवाजा खोलने का प्रयास किया। काफी मश्क्कत के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस ने बाथरूम की दीवार तोड़ दी, जहां पर आयशा के गले में फंदा और दोनों पैर फर्श पर टिके हुए थे। पुलिस ने शव को बाहर निकाला, सूचना पर सीओ ऋषिका सिंह भी मौके पर पहुँच गए तथा सास शमीम व मृतका की बहन अर्शेजहाँ से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान अर्शेजहां ने बताया कि सास ने घर में रखे चावल जरूरतमंद को देने के लिए कहा तो उसने इंकार कर दिया और बोली कि मैं चावल किसी को नहीं दूंगी, जिससे दोनों में कहासुनी हो गई थी। माँ की मौत के बाद उसके बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। आयशा की मौत की सूचना पर देर शाम मायके पक्ष के लोग भी मौके पर आ गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



...इन्होंने कहा कि सास की बात से नाराज होकर महिला ने आत्महत्या की है। गले में फंदा लगाने के बाद यदि पैर मुड़ जाते हैं तो फिर उठा नहीं जाता है। आयशा के पैर फर्श पर मुड़े हुए थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

-राजीव शर्मा इंस्पेक्टर मीरापुर

दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में 2 महीने स्पोर्ट्स पर रहेगी रोक



नई दिल्ली, 15 सितंबर (एजेंसी)। दिल्ली एनसीआर के स्कूलों में इस साल नवंबर और दिसंबर के दौरान होने वाली फिजिकल स्पोर्ट्स एक्टिविटी के शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। वायु गुणवत्ता को देखते हुए कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों को निर्देश दिए है कि नवंबर और दिसंबर 2026 में स्कूलों में फिजिकल स्पोर्ट्स एक्टिविटीज और प्रतियोगिता आयोजित न की जाए। सीएक्यूएम ने अपनी एडवाइजरी में कहा है किन दो महीना के लिए पहले से तय प्रतियोगिताओं को भी जरूरत के अनुसार दूसरी तारीख पर कराया जा सकता है। आयोजन की जगह पर उस समय मौजूद एयर क्वालिटी को भी ध्यान में रखने को कहा गया है। सीएक्यूएम का यह कदम दिल्ली एनसीआर में सर्दियों के दौरान खराब और गंभीर वायु गुणवत्ता की स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। यह मामला पहले सुप्रीम कोर्ट में भी उठ चुका है। कोर्ट ने बच्चों के खराब हवा में फिजिकल स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने को लेकर स्वास्थ्य संबंधी चिंता जताई थी। 19 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने उअदट से कहा था कि दिल्ली एनसीआर के स्कूलों में नवंबर और दिसंबर के दौरान होने वाली खेल एक्टिविटी को स्थगित करने के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी किया जाए। इसके बाद का सीएक्यूएम ने संबंधित शिक्षा और खेल अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संबंध में कार्रवाई की थी। 2026 के लिए जारी नई एडवाइजरी में सीएक्यूएम ने चार राज्यों को कहा है कि नवंबर और दिसंबर में फिजिकल स्पोर्ट्स एक्टिविटी और प्रतियोगिताओं की योजना न बनाई जाए। जो प्रतियोगिताएं पहले से कैलेंडर में शामिल है, उन्हें भी आगे की तारीखों में शिफ्ट किया जा सकता है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि स्कूलों में खेल पूरी तरह बंद रहेंगे। मुख्य तौर पर इस अवधि में फिजिकल स्पोर्ट्स एक्टिविटी, कंपटीशन की टाइमिंग बदलने के बात कही गई है। आयोजन की जगह पर एयर क्वालिटी के हिसाब से फैसला लिया जा सकता है।

चोरों ने शिक्षा के मंदिर को बनाया निशाना, मजदूरों को बंधक बनाकर दिया वारदात को अंजाम





भोपा, 15 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव बेलडा में एक दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए अज्ञात चोरों ने जूनियर हाईस्कूल को निशाना बनाते हुए कमरों के ताले तोड़कर कीमती सामान चोरी कर लिया। इस दौरान चोरों ने विद्यालय में ठहरे जल निगम के तीन मजदूरों को कमरे में बंद कर दिया।

मजदूरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन सभी को बंधन मुक्त कराया। प्रधानाध्यापक ने चोरों के खिलाफ तहरीर देकर घटना के खुलासे की मांग की है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव में बेलड़ा में गढ़वाड़ा मार्ग पर स्थित शहीद अमरेश पाल जूनियर हाईस्कूल में किसी काम के सिलसिले में जल निगम के तीन मजदूर ठहरे हुए थे। बीते सोमवार की रात कुछ अज्ञात चोर विद्यालय परिसर में घुस आए और कमरे में ठहरे मजदूरों के कमरे को बाहर से बंद कर दिया, जिसके बाद बेखौफ चोरों ने विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, बैटरा, अग्निशमन सिलेंडर, कुकर, तीन बाल्टी सिल्वर की, चार बाल्टी अग्निशमन की लोहे वाली, दाल मसाले, बच्चों के खाने की प्लेट, गिलास, दो मशीन वजन तोलने की, स्टेशनरी व स्वच्छता और खेल का सामान आदि चोरी कर लिया। सुबह जब मजदूरों ने कमरे से बाहर निकलने का प्रयास किया तो वह बाहर से दरवाजा बंद होने के कारण बाहर नहीं निकल पाए, जिसके बाद स्कूल में ठहरे हुए जल निगम के मजदूरों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी, तब मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को कमरे से बाहर निकाला। मजदूर महकार ने बताया कि चोर उनकी स्कूल में खड़ी बाइक भी चोरी कर ले गए है। सुबह जब विद्यालय का स्टाफ स्कूल में पहुंचा, तो चोरी की घटना का पता चला। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय जैन ने पुलिस को तहरीर देकर घटना के खुलासे की मांग की है। प्रधानाध्यापक के अनुसार इससे पूर्व भी चोर छह माह पूर्व इस विद्यालय में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके है। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों पर हुआ मंथन

– 18 सितम्बर को तहसीलों में होगी मॉक ड्रिल, तैयारियों को लेकर बैठक



मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बुस.)। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में आगामी 18 सितम्बर को जनपद की तहसीलों में प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपदा की स्थिति में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन सहित विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी बनाने पर विस्तार से मंथन किया गया।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य केवल औपचारिकता पूरी करना नहीं है, बल्कि किसी भी संभावित आपदा या आपात स्थिति में प्रशासनिक तंत्र की तत्परता, संसाधनों की उपलब्धता और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को परखना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 18 सितम्बर को होने वाली मॉक एक्सरसाइज से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। संबंधित स्थानों पर राहत एवं बचाव से जुड़े उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही कर्मचारियों और संबंधित टीमों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में स्पष्ट रूप से जानकारी दी जाए। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि किसी भी आपदा की सूचना मिलने के बाद संबंधित विभागों और राहत-बचाव टीमों की प्रतिक्रिया कितनी तेजी से होती है, इसका व्यावहारिक परीक्षण किया जाए। मॉक ड्रिल के दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन, प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकालना, प्राथमिक उपचार, अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था, यातायात एवं भीड़ नियंत्रण तथा राहत सामग्री की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को परखा जाएगा। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने कहा कि तहसील स्तर पर तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों से पूरी तरह अवगत रहें। आपदा के समय समय पर सही निर्णय लेना और उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी इस्तेमाल बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मॉक एक्सरसाइज के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कार्रवाई करते हुए आपसी समन्वय बनाए रखें। सूचना के आदान-प्रदान, राहत एवं बचाव दलों की सक्रियता तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की जाए। बैठक में तहसील स्तर पर मॉक ड्रिल के लिए संभावित आपदा परिदृश्य तैयार करने, विभिन्न विभागों की भूमिका निर्धारित करने तथा आपात स्थिति में एक-दूसरे से समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की तैयारियों की जानकारी साझा की। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मॉक एक्सरसाइज के दौरान सामने आने वाली कमियों और व्यावहारिक चुनौतियों को चिन्हित कर उनमें तत्काल सुधार किया जाएगा, ताकि वास्तविक आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी न आए।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से 18 सितम्बर की मॉक एक्सरसाइज को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय पर अपनी टीमों और संसाधनों के साथ उपस्थित रहने तथा पूरी प्रक्रिया को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपजिलाधिकारी सतेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सतेंद्र कुमार मिश्रा, तहसीलदार सदर राधेश्याम गोंड़, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, सीवीओ डॉ. जितेंद्र गुप्ता, एआरटीओ अजय मिश्रा, सहायक अभियंता अनस अली खान, अधिशासी अधिकारी नीलम पांडेय, सीएफओ अनुराग कुमार, सीओ खतौली रुपाली राय तथा आपदा सहायक नासिर हुसैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बेलगावी में फ्रिज फटा, 4 महिलाओं की मौत

बेलगावी, 15 सितंबर (एजेंसी)। कर्नाटक के बेलगावी में मंगलवार सुबह एक घर में फ्रिज फटने के बाद आग लग गई। हादसे में परिवार की चार महिलाओं की मौत हो गई। घटना चवत गली में सुबह करीब 2:30 बजे हुई। मरने वालों की पहचान गंगा डामोने, शारदा डामोने, प्रिया डामोने और भारती डामोने के रूप में हुई है। दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, ब्लास्ट के बाद फ्रिज आग लगी। जो पूरे घर में तेजी से फैल गई और अंदर मौजूद लोग बाहर नहीं निकल सके। बेलगावी पुलिस कमिश्नर प्रकाश निकम ने बताया कि हादसे में गजानन डामोने और उनके बेटे रोशन डामोने गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। गजानन करीब 80% झुलसे हैं, जबकि रोशन करीब 40% झुलसे हैं। महिलाओं की मौके पर ही जलने से मौत हो गई। कमिश्नर प्रकाश निकम ने बताया कि पहली नजर में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट लग रही है। हालांकि, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हादसे में बचने वाले रोशन ने शॉर्ट सर्किट जैसी आवाज सुनने की बात बताई है।


भारत हॉस्पिटल में 41 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान





जानसठ, 15 सितम्बर (बु.)। कस्बे के भारत अस्पताल में मंगलवार को जीवन चैरिटेबल ब्लड बैंक बिजनौर के सहयोग से ब्लड कैंप का आयोजन किया, जिसमें कुल 53 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मंगलवार को बिजलीघर के सामने स्थित भारत हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन जीवन चैरिटेबल ब्लड बैंक बिजनौर के माध्यम से किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 41 रक्तदाताओं ने भाग लिया। सोनू सिंगल ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष रक्तदान करते आ रहे हैं। रक्तदान के द्वारा किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। जीवन चैरिटेबल ब्लड बैंक के मालिक मोहम्मद आदिल ने बताया कि रक्तदान करने वाले लोगों की कुछ जांच निशुल्क की जाती है, जो उनके वाट्सअप नंबर पर भेज दी जाती है। निशांत कांबोज एडवोकेट ने कहा कि रक्तदान करके समाज की सच्ची सेवा होती है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसी का जीवन बचाना तथा आपात स्थिति में किसी भी रोगी की मदद करना एक पुण्य का कार्य है। डॉ. जफर अमीन एमबीबीएस एमडी पैथोलॉजी ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी तथा सर्टिफिकेट भी प्रदान किया और बताया कि यदि किसी व्यक्ति को ब्लड की आवश्यकता होगी, तो वह कार्ड दिखाकर बिना किसी एक्स्ट्रा शुल्क के ब्लड प्राप्त कर सकता है। रक्तदान करने वालों में मेहताब राव, शशिकांत राजवंशी, अरविन्द पाराशर, अजय शर्मा, सोहनवीर, सहँसरपाल, राजेंद्र प्रधान, ओमप्रकाश शर्मा, रेशु गोयल, नफीस ठेकेदार, अनिल कुमार, ईश्वर दास, शोभित कम्बोज, दीपक शर्मा, चेतन शर्मा , मोहित कम्बोज, मनीष तंवर आदि ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

शोरूम से 14 करोड़ का सोना, 15 लाख कैश चुराया



मथुरा, 15 सितंबर (एजेंसी)। मथुरा में ज्वेलरी शोरूम से करीब 14 करोड़ का सोना और 15 लाख कैश चुराने वाले बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया। सोने का वजन 10.50 किलो था। बताया जा रहा है कि चोरी करने वाला कारोबारी का पूर्व कर्मचारी पप्पू है। उसे डेढ़ साल पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। पुलिस ने उसके पास से 8 किलो सोना और 11 लाख रुपए बरामद किए हैं। आरोपी दुकान में लगे सीसीटीवी की उश्फ अपने साथ ले गया था। वारदात के खुलासे के लिए स्ढ श्लोक कुमार ने 10 टीमें लगाई थीं। पुलिस ने दुकान और उसके आसपास लगे 125 से अधिक सीसीटीवी खंगाले। इनमें पप्पू दुकान से निकलकर कहां गया, यह देखा गया। कुछ कैमरों में पप्पू नजर आया। पुलिस ने सीसीटीवी ज्वेलर को दिखाया, तो उन्होंने आशंका जताई कि सीसीटीवी में दिखने वाला शख्स पप्पू लग रहा है। इसके बाद पप्पू को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, पप्पू ने चोरी किया गया सोना कोसीकलां के जंगल में 8 अलग-अलग जगह गड्?ढा खोदकर गाड़ दिया था।

अमेरिका ने पहली बार माना- स्पेस में हथियार तैनात किए

-कौन से वेपन, कब भेजे गए अभी सीक्रेट, अंतरिक्ष में युद्ध का खतरा बढ़ा



वॉशिंगटन डीसी, 15 सितंबर (एजेंसी)। अमेरिका ने पहली बार माना है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक ने सोमवार इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास ऑर्बिट में ऐसे हथियार हैं, जिनका इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए किया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारी ने यह नहीं कहा कि ये हथियार आखिर किस तरह के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया था। अमेरिका का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में अपनी ताकत बढ़ाने की होड़ चल रही है। इससे अंतरिक्ष में हथियारों की दौड़ और तेज होने की आशंका भी बढ़ गई है। अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की बढ़ती अंतरिक्ष सैन्य ताकत को लेकर चिंता जताता रहा है। आज के युद्ध में सैटेलाइट बहुत जरूरी हो गए हैं। सेनाएं इनका इस्तेमाल आपस में संपर्क करने, रास्ता पता करने, खुफिया जानकारी जुटाने और मिसाइलों पर नजर रखने जैसे कामों में करती हैं। ऐसे में अगर किसी देश के सैटेलाइट पर हमला होता है तो उसकी सैन्य ताकत कमजोर हो सकती है। इसलिए बड़ी सैन्य ताकतें अब सिर्फ नए सैटेलाइट बनाने पर ही ध्यान नहीं दे रही हैं। वे अपने सैटेलाइट को दुश्मन के हमले से बचाने और जरूरत पड़ने पर दूसरे देश के अंतरिक्ष सिस्टम को रोकने की क्षमता भी विकसित कर रही हैं। विशेषज्ञों को डर है कि अमेरिका के इस खुलासे के बाद रूस और चीन भी अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा सकते हैं। वे अमेरिकी कदम को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताकर नई तकनीक और हथियार विकसित करने की वजह बता सकते हैं। इस तरह एक देश की सैन्य तैयारी दूसरे देश को भी अपनी ताकत बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकती है। इससे अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ और तेज होने का खतरा बढ़ सकता है।

कार ने टेम्पो को मारी टक्कर; 6 यात्री घायल, एक की हालत नाजुक

ऋषिकेश, 15 सितंबर (एजेंसी)। ऋषिकेश में दिल्ली से आए दो दोस्तों ने शराब पार्टी की, फिर तेज रफ्तार में कार भगाने लगे। जैसे ही वे श्यामपुर फाटक पहुंचे तो उन्होंने टेम्पो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेम्पो सवार 6 से 7 यात्री घायल हो गए। इनमें एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायल गुजरात के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घायलों की हालत बिगड़ने पर उन्हें एम्स भेजा गया है। मौके पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और कार सीज कर दी है। दोनों युवकों का मेडिकल टेस्ट कराया जा रहा है। हादसे के बाद कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ऋषिकेश हादसे की इस पूरी खबर में गाड़ी के नंबर दिल्ली और यात्रियों का गुजरात से होना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और एम्स रेफर होने जैसे सभी जरूरी फैक्ट्स मौजूद हैं।

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 16 सितम्बर, 2026

मेष- धनहानि की आशंका, आय की अपेक्षा व्यय की अधिकता, पारिवारिक कठिनाइयों से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव, मन व्यतिक्रम।

वृषभ- व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोरंजन की ओर रुझान।

मिथुन- साहसिक प्रयास प्रगति पर, समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति की अनुभूति, मनोबल में वृद्धि, अड़चनें समाप्त।

कर्क- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना दृष्टिगत, मेलमिलाप में रुचि, व्यवसाय में विस्तार एवं नवपरिवर्तन की दिशा में किये जा रहे प्रयास सफल, संभावित यात्रा।

सिंह- कार्यों में असफलता, अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद की आशंका, अकारण भ्रमण से अनावश्यक व्यय।

कन्या- कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रयास सार्थक, स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सुखद।

तुला- किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, परिवार में सुख शांति का समय, विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने की ओर, भोगविलासिता की ओर रुझान।

वृश्चिक- स्वास्थ्य सुधार पर विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, घरेलू सुख में उपस्थित दिक्कतें समाप्त, यात्रा में लाभ।

धनु- स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों के प्रति उदासीनता, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, राजकीय पक्ष से कष्ट, वाद-विवाद।

मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, कठिनाइयों का निराकरण, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्षोल्लास, सामाजिक क्रियाकलापों में वृद्धि, नवसम्पर्क का सुयोग।

कुम्भ- अधूरे या नवकार्य पूर्णता की ओर, कुछेक समस्याओं का समाधान पक्ष में, मांगलिक आयोजन सम्पादित, आरोग्य सुख, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- व्यवसाय में विस्तार की दिशा में प्रयास, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, व्यक्तिगत समस्या संतोषजनक समाधान, भोगविलासिता की ओर रुझान, हर्ष भी।

कैराना में मिष्ठान व्यापारी से मांगी रंगदारी

– सरकार बदलने को लेकर देख लेने की दी धमकी



कैराना, 15 सितम्बर (बु.)। नगर के प्रेम हलवाई के नाम से जुड़ी दुकान पर कथित रूप से गाली-गलौच करने और जान से मारने की धमकी एवं रंगदरी मांगने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरसल मिष्ठान भंडारी राहुल गर्ग पुत्र प्रेमचन्द गर्ग (प्रेम हलवाई) निवासी जोड़ा कुआं, कैराना ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया की वह अपनी दुकान पर चिनाई का कार्य चल रहा था। उसी को देखने एवं सफाई करने के लिए वह दुकान पर गया था, तभी दो व्यक्ति आये ओर गाली गलोच की ओर तरह-तरह की धमकी देने लगे। हालांकि उक्त संबंध में एक आडियो भी वायरल हो रही है, जिसमें उक्त आरोप तत्कालीन सरकार बदलने का भी हवाला दिया गया है। अब देखना होगा कि मामले में पुलिस क्या कार्यवाही करती है, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। आरोप है कि रात के समय जब वह और उसका भाई दुकान पर पानी भरने जा रहे थे, तभी वहां आदर्श उर्फ राजा तथा कन्हैया सैनी पहुंचे। उनके साथ एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था, जिसे वह पहचान नहीं सका। मामले में दोनों उक्त लोगों ने तीन-चार दिन पहले भी घर की गली में गाली-गलौज की थी ओर 30 हजार रुपये प्रतिमाह देने की मांग की थी। आरोप है कि रात में भी आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए धमकी दी कि सरकार कितने दिन रहेगी, उन्हें जान से मार दिया जाएगा। वहीं पीड़ित ने तहरीर में खुद पर लगातार दबाव बनाए जाने की बात कहते हुए जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में एसपी शामली एनपी सिंह ने भी संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है। हालांकि पुलिस ने मलाल दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

हनुमान अंश मेकर्स की अगली फिल्म राम बोला पर विवाद

मुंबई, 15 सितंबर (एजेंसी)। फिल्म हनुमान अंश डायरेक्ट करने वाले डॉक्टर विशाल चतुर्वेदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अगली फिल्म राम बोला की घोषणा की है। उनकी ये फिल्म महाकवि तुलसीदास की जिंदगी पर आधारित होगी, लेकिन इसी दिन, इसी टाइटल पर दूसरी फिल्म की भी घोषणा हो गई, जिससे दो मेकर्स के बीच टाइटल का विवाद शुरू हो गया है। विवाद के बीच एसोसिएशन ने बताया है कि टाइटल किसके नाम रजिस्टर है। डायरेक्टर विशाल चतुर्वेदी ने प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन के साथ राम बोला अनाउंस की। इसी समय डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने भी फिल्म राम बोला की घोषणा की। पोस्ट में बताया गया कि इसे चंद्रप्रकाश द्विवेदी डायरेक्ट करेंगे, जबकि मधु मंटेना और मंदिरा द्विवेदी इसे प्रोड्यूस करेंगी।

एमबीबीएस की तैयारी और गर्लफ्रेंड के लिए चोर बना:कैंसर के इलाज पर खर्च किए 80 लाख



आगरा, 15 सितंबर (एजेंसी)। ट्रेनों में यात्रियों के सामान पर हाथ साफ कर लग्जरी लाइफ जीने वाले 2 शातिर चोरों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी पुनीत ने कभी डॉक्टर बनने का सपना देखा था। उसने एमबीबीएस क्वालीफाई भी कर लिया था। लेकिन, 2017 में परीक्षा कैंसिल हो गई। इसके बाद उसने मेडिकल लाइन छोड़ दी थी। पुलिस पूछताछ में पुनीत ने बताया- मेरी गर्लफ्रेंड को कैंसर था। मैंने गर्लफ्रेंड के इलाज पर करीब 80 लाख रुपए खर्च किए। कर्ज चुकाने और महंगी लाइफस्टाइल के लिए अपने दोस्त आकाश के साथ चोरी करने लगा। जीआरपी के सीओ राजेश दीक्षित ने बताया- पुनीत और आकाश ट्रेनों में सफर कर रहे बुजुर्ग यात्रियों को निशाना बनाते थे। रात में सोते समय उनका कीमती सामान चोरी कर लेते थे। पुनीत पर 27 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों के कब्जे से करीब 25 लाख रुपए की ज्वेलरी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका अलग अंदाज था। जिस जिले में पुलिस उन्हें पकड़कर चालान करती, दोबारा वहां चोरी नहीं करते थे। एक वारदात के बाद तुरंत जिला बदल देते थे। इससे वे लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बच रहे थे। दोनों चलती ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करते और फिर गायब हो जाते थे। जीआरपी की पूछताछ में पुनीत ने बताया- मैं एक लड़की से बहुत प्यार करता था। उसे कैंसर हो गया। इलाज में मैंने अपना पूरा पैसा लगा दिया। करीब 80 लाख रुपए खर्च किए। पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए मैंने ट्रेनों में चोरी शुरू कर दी। चोरी के पैसों से मैं लग्जरी लाइफस्टाइल जी रहा था। मैं और आकाश हफ्ते में 2 दिन क्लब में ही बिताते थे। वहां शराब और शबाब के नशे में डूबे रहते थे। चोरी से मिला पैसा महंगे कपड़े, महंगे शौक, शराब पार्टी और गर्लफ्रेंड्स पर उड़ाते थे।

योगीराज में दबंगई का ऐसा आरोप, जहां एक मजदूर परिवार अपने ही रास्ते के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है

बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)। बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव खरड़ से रास्ते को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। खरड़ निवासी योगेंद्र सिंह का आरोप है कि पड़ोसी पक्ष उन्हें रास्ता देने को तैयार नहीं है और मकान निर्माण में भी लगातार बाधा डाली जा रही है। योगेंद्र सिंह के मुताबिक, उनके पिता अलबेले सिंह ने वर्ष 1989 में करीब 825 वर्ग गज जमीन का बैनामा कराया था। उनका दावा है कि बैनामे में जमीन के पश्चिम दिशा में रास्ते का स्पष्ट उल्लेख है और लंबे समय से परिवार इसी रास्ते का इस्तेमाल करता आ रहा है। आरोप है कि करीब दो महीने पहले जब योगेंद्र सिंह ने अपने प्लॉट पर मकान बनाना शुरू किया और रास्ते की तरफ दरवाजा लगाने की कोशिश की, तो पड़ोसी पक्ष ने विरोध कर निर्माण रुकवा दिया। वहीं योगेंद्र सिंह की पत्नी राकेश देवी का कहना है कि उनके पति मजदूरी करते हैं। एक-एक रुपया जोड़कर परिवार ने अपने मकान का सपना देखा था, लेकिन रास्ते और निर्माण को लेकर परेशानी खड़ी हो गई। उनका कहना है कि वह पिछले करीब चार महीने से किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं और अधिकारियों के चक्कर काटते-काटते थक चुकी हैं। अब परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उन्हें रास्ता दिलाया जाए और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाए। शिकायत के बाद मौके का निरीक्षण भी कराया गया है। अब प्रशासनिक रिपोर्ट के आधार पर होने वाली कार्रवाई का इंतजार है।

अब एक ही बार में खुल जाएगा अपराधियों का जुगराफिया

- एसएसपी ने वितरित की सभी थानों को अभिज्ञान एप की फिंगर प्रिंट किट -

मुजफ्फरनगर,15 सितंबर (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा जनपद के समस्त थानों को की फिंगरप्रिंट किट वितरित की। इस किट के जरिए अभिज्ञान ऐप के माध्यम से क्षण भर में अपराधियों की पहचान हो सकेगी और अंतर्राज्यीय स्तर के अपराधियों पर भी प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, मुजफ्फरनगर में जनपद के समस्त थानों हेतु फिंगरप्रिंट किट वितरित की गयी। अपराधियों की त्वरित पहचान एवं एनसीआरबी द्वारा संचालित अभिज्ञान ऐप के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक थाने को उपलब्ध करायी गयी फिंगरप्रिंट किट में फिंगरप्रिंट एनरोलमेंट डिवाइस, 2 एमडीटी (सैमसंग मोबाइल), 4 वेबकैम एवं 6 सिंगल डिजिट स्कैनर उपलब्ध हैं। इस तकनीकी व्यवस्था के माध्यम से पुलिसकर्मियों द्वारा मौके पर ही फिंगरप्रिंट प्राप्त कर उनकी पहचान की प्रक्रिया को त्वरित किया जा सकेगा। इसके माध्यम से अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय अपराधियों की पहचान एवं उनके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। फिंगरप्रिंट आधारित यह तकनीकी प्रणाली पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक तकनीकी दक्ष, प्रभावी एवं कुशल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विशेष रूप से फुट पेट्रोलिंग, चेकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के दौरान प्राप्त फिंगरप्रिंट के माध्यम से अपराधियों की पहचान करने में पुलिस को सहायता प्राप्त होगी। शासन द्वारा अपराध एवं अपराधियों के प्रति अपनायी गयी जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट क्राइम की नीति के साथ-साथ पुलिसिंग में आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों को पुलिस कार्यप्रणाली में सम्मिलित किया जा रहा है। इससे अपराधियों की पहचान एवं अपराधों के अनावरण की प्रक्रिया और अधिक त्वरित, सटीक एवं प्रभावी होगी। शासन की अपराधमुक्त एवं सुरक्षित प्रदेश की संकल्पना को साकार करने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में यह तकनीकी पहल महत्वपूर्ण कदम है। तकनीक के प्रभावी प्रयोग से मुजफ्फरनगर पुलिस को अपराध नियंत्रण, अपराधियों की पहचान एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती इन्दु सिद्धार्थ, सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह सहित जनपद के समस्त थानों से आये पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बुकमैन इंडिया के साथ विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुरू

फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स एवं बुकमैन इंडिया के बीच हुआ एमओयू




मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बुस.)। फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स, श्री राम कॉलेज और बुकमैन इंडिया (पब्लिकेशन) के बीच हुए एमओयू के तहत फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्री ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पब्लिकेशन इंडस्ट्री की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराते हुए उन्हें प्रोफेशनल वातावरण के लिए तैयार करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को दो अलग-अलग प्रोजेक्ट टीमों में विभाजित किया गया है। पहली टीम को सोशल मीडिया कॉपीराइटिंग तथा दूसरी टीम को बुक डिजाइन से संबंधित कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थी इंडस्ट्री की जरूरतों, क्रिएटिव वर्कफ्लो और प्रोफेशनल कार्यशैली को व्यावहारिक रूप से समझ सकेंगे। यह प्रशिक्षण लगभग 5 से 6 महीने तक चलेगा और प्रत्येक शनिवार को आयोजित किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी नियमित पढ़ाई जारी रखते हुए इंडस्ट्री एक्सपोजर प्राप्त करने का अवसर देना है, ताकि वे शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव के बीच बेहतर संतुलन स्थापित कर सकें। इस अवसर पर डॉ. मनोज धीमान, डायरेक्टर, फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स, श्रीराम कॉलेज ने कहा कि इस तरह के इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट सहयोग विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल कक्षा तक सीमित न रखकर वास्तविक इंडस्ट्री के साथ जोड़ना उन्हें भविष्य की प्रोफेशनल चुनौतियों के लिए तैयार करता है। उन्होंने बुकमैन इंडिया के वर्क कल्चर और विद्यार्थियों को दिए जा रहे सकारात्मक एवं सुरक्षित कार्य वातावरण की भी सराहना की। विद्यार्थियों ने भी इस पहल को लेकर खुशी व्यक्त की। उनका कहना है कि उन्हें मुजफ्फरनगर में ही एक प्रतिष्ठित पब्लिकेशन इंडस्ट्री के साथ काम करने और सीखने का अवसर मिल रहा है। इससे उन्हें प्रशिक्षण के लिए दिल्ली या अन्य बड़े शहरों का रुख करने की आवश्यकता नहीं है और वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ इंडस्ट्री का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त कर पा रहे हैं। वहीं बुकमैन इंडिया के डायरेक्टर संदीप गुप्ता ने प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों से संवाद कर उनके क्रिएटिव कैलिबर और कार्यक्षमता को समझा। विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर में फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स, श्री राम कॉलेज के विद्यार्थियों में उन्हें दिल्ली-एनसीआर के विद्यार्थियों जैसी गुणवत्ता और प्रतिभा दिखाई दी। संदीप गुप्ता ने कहा कि इंडस्ट्री के लिए अच्छे और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की खोज इस सहयोग के माध्यम से पूरी होती दिखाई दे रही है। उन्होंने भविष्य में भी बुकमैन इंडिया और फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स, श्री राम कॉलेज के बीच ऐसे और प्रोजेक्ट्स पर साथ काम करने की मंशा व्यक्त की। यह एमओयू शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपने शहर में ही वास्तविक इंडस्ट्री एक्सपोजर, प्रोफेशनल अनुभव और रोजगारपरक कौशल विकसित करने का अवसर मिल रहा है।

एसडी इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में धूमधाम से मनाया गया 59वां इंजीनियर्स-डे



मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बुस.)। जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), मेरठ लोकल सेंटर एवं एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर के संयुक्त तत्वावधान में 59वें इंजीनियर्स-डे का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष की मुख्य थीम इंजीनियरिंग एक्सीलेंस फॉर ए सस्टेनेबल एंड टेक्नोलाजिकली सावरिन इंडिया रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुआ। इन्स्टीच्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इण्डिया), मेरठ सेण्टर के चेयरमैन इं. एससी मित्तल द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। पूर्व चेयरमैन इं. सीपी गुप्ता ने सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जीवन परिचय एवं उनकी उपलब्धियों पर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एम. मणिक्कवासगम, विशिष्ट वैज्ञानिक एवं सेवानिवृत्त निदेशक, डीआरडीओ) रहे। उन्होंने मिसाइल प्रणालियों, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग एवं रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा करते हुए सिस्टम डिजाइन, नेविगेशन, मार्गदर्शन, नियंत्रण और मिशन डिजाइन में सटीकता, नवाचार और टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी संप्रभुता के लिए स्वदेशी डिजाइन, विकास एवं उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने तथा मजबूत इंजीनियरिंग बुनियादी सिद्धांतों, अनुसंधान और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि इंजी. दिव्यम कश्यप (प्रबंध निदेशक, त्रिशूल स्पेस) ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने कहा कि इंजीनियर्स डे केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे युवा इंजीनियरों को देश के तकनीकी भविष्य को आकार देने में उनकी अहम भूमिका का एहसास कराने का एक स्वर्णिम अवसर है। कार्यक्रम को सफल बनाने में इंजी. सुभाष मित्तल, इंजी. रमेश चंद, इंजी. निखिल किशोर एवं इंजी. बी.डी. शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर निर्धारित थीम पर आधारित तकनीकी प्रस्तुतियाँ एवं इंजीनियरिंग से जुड़ी गतिविधियां तथा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान की छात्राओं स्वास्ती शर्मा, शगुन गोयल, श्रेया, दिव्यांशी शर्मा व माहिन अंसारी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सतत इंजीनियरिंग एवं पर्यावरण जिम्मेदारी, तकनीकी संप्रभुता एवं स्वदेशी नवाचार, तथा राष्ट्र निर्माण में इंजीनियरिंग की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। माधव कात्यायन एवं निखिल तोमर का आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवक के रूप में सराहनीय योगदान रहा। सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

उत्तर प्रदेश की राजनीति और बसपा

उत्तर प्रदेश की राजनीति में बसपा का महत्वपूर्ण स्थान है। बसपा के पास ऐसा वोट बैंक है, जो हर हाल में बसपा के साथ रहता है। मायावती की सक्रियता अब भी बसपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाती है। आकाश आनंद को लेकर उनके बार-बार बदलते फैसलों पर आलोचक कुछ भी कहें, लेकिन बसपा का वोट बैंक उससे प्रभावित होने वाला नहीं है, यह अलग बात है की उत्तर प्रदेश की जनता बसपा को लेकर क्या सोचती है। काफी समय से मायावती के भतीजे को लेकर खबरें चल रहीं हैं, मायावती ने एक बार फिर अपने भतीजे आकाश आनंद पर तीखा हमला बोला है। मायावती ने कहा कि हाल फिलहाल पार्टी से निकाले गए लोगों ने कार्यकर्ताओं के बीच भ्रम फैलाया है कि बहन जी काफी बीमार चल रही हैं। इसीलिए वह बड़े-बड़े मामले भी मीडिया में न आकर सीधे सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये बता रही हैं। मायावती ने पार्टी दफ्तर पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया, मेरे पार्टी इंचार्ज आलोक कुमार के पास आकाश आनंद ने फोन किया। आकाश आनंद ने पूछा कि क्या बहन जी बीमार चल रही हैं। उनका स्वास्थ्य कैसा है। आलोक कुमार ने कहा नहीं ऐसा नहीं है। मायावती बिल्कुल ठीक हैं। अपने काम में लगी हुई हैं। इस पर आकाश आनंद ने कहा कि मेरी यह बात बहनजी को नहीं बताना। इसके बाद उन्होंने फोन रख दिया। मायावती ने कहा कि मेरे इस मामले में यानी स्वास्थ्य को लेकर कहीं गयी बातों के बारे में आकाश आनंद की मानसिकता सही भी हो सकती है और गलत भी हो सकती है। आकाश आनंद अभी भी अपने दिमाग से काम नहीं कर रहा है। वह अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के इशारे पर चल रहा है। इससे पहले मायावती ने पार्टी को लेकर कहा कि मुख्य सेक्टर प्रभारी का पद खत्म किया गया है और उनके कठोर कदमों से पार्टी को फायदा हुआ है। उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं को यूपी चुनाव को लेकर जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हमेशा पार्टी मूवमेंट में जुटे रहें। कभी अपना उत्तराधिकारी बताकर पार्टी में आकाश आनंद को बड़ी ज़िम्मेदारी देने वालीं मायावती ने गंभीर आरोप लगाते हुए अब उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। आकाश को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद मायावती ने पहले अपने छोटे भतीजे ईशान आनंद को पार्टी में बड़ी भूमिका सौंपी और फिर उनकी राजनीतिक ज़िम्मेदारियों का रास्ता भी बंद कर दिया।अपने ताजा फैसले में मायावती ने साफ-साफ कहा है कि पार्टी में उनके छोटे भाई आनंद कुमार के किसी भी बेटे को किसी भी छोटे-बड़े पद पर बने रहकर राजनीति करने का मौका नहीं दिया जाएगा। मायावती के अनुसार परिवार से अब केवल उनकी भतीजी दीपिका कुमारी ही को जरूरत अनुसार कोई भी राजनीतिक ज़िम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इसके अलावा परिवार के किसी भी दूसरे सदस्य को पार्टी में कोई भी ज़िम्मेदारी नहीं दी जाएगी। आकाश आनंद को पार्टी से दूर करने के पीछे की सबसे बड़ी वजह उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को बताया गया है। अशोक सिद्धार्थ बीएसपी के पुराने नेता हैं और राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। एक दौर में उन्हें मायावती के बेहद भरोसेमंद और करीबी नेताओं में गिना जाता था। अब मायावती का आरोप है कि अशोक सिद्धार्थ आकाश आनंद को गुमराह करने और बीएसपी पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और वहीं आकाश भी उनके प्रभाव में काम कर रहे हैं। शुरूआत में उन्होंने आकाश को पार्टी में बरकरार रखने का एक प्रस्ताव भी अशोक सिद्धार्थ के सामने रखा था। उन्होंने कहा था कि अगर अशोक सिद्धार्थ राजनीति से पूरी तरह संन्यास ले लें, तो वो उनके दामाद को फिर से ज़िम्मेदारी देने पर विचार करेंगी। अशोक सिद्धार्थ ने संन्यास ले लिया पर फिर मायावती ने कहा कि यह कदम देर से उठाया गया। उन्होंने आकाश आनंद की वफादारी पर भी सवाल उठाए। आकाश आनंद के बसपा से निष्कासित होने के बाद कई नेताओं ने उनसे सहानुभूति जतायी है। कई विश्लेषकों का कहना है कि बसपा की राजनीति में भरोसे का दायरा लगातार छोटा होता गया है। कांशीराम के दौर के कई प्रभावशाली नेताओं को मायावती ने धीरे-धीरे किनारे कर दिया और आज पार्टी में उनके अलावा कोई ऐसा चेहरा नहीं बचा, जिस पर वह पूरी तरह भरोसा कर सकें। मायावती का राजनीतिक और प्रशासनिक तौर पर काम करने का तरीका बेहद केंद्रीकृत रहा है। वह किसी पर आसानी से विश्वास नहीं करतीं और महत्वपूर्ण फैसलों की बागडोर अपने हाथ में रखना चाहती हैं। कांशीराम के समय बीएसपी में दूसरी पंक्ति के नेताओं की एक लंबी श्रृंखला थी। मायावती प्रमुख नेता थीं, लेकिन वक्त देखिये सभी साइडलाइन होते गये। बीएसपी का इतिहास बताता है कि लंबे समय तक किसी एक नेता की बसपा में नहीं चली, जो नेता बहुत करीबी रहा और जिसका प्रभाव बढ़ा, वह बाद में बाहर हो गया। आकाश आनंद को लेकर कुछ लोगों का कहना है कि उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही थी और वो जिस तरह से कैंपेन कर रहे थे, उसमें मायावती की राजनीतिक शैली की झलक दिखाई देती थी, वो युवाओं के बीच भी अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे थे। ऐसे में एक संभावना ये हो सकती है कि आकाश की बढ़ती लोकप्रियता ने उन्हें बसपा से निकलवाया, जबकि बहुत से लोगों का कहना है कि ऐसा कुछ नहीं है। मायावती ने यह भी कहा है कि मेरे अविवाहित होने के नाते मुझे मजबूरी में, अपने सभी सगे भाई-बहनों में से किसी एक को और अन्ततः सबसे छोटे भाई आनंद कुमार को अपने साथ रखने की भी जरूरत पड़ी है, जो यह मेरी देखभाल करने के साथ-साथ मेरी पूरी निगरानी में पार्टी की अहम ज़िम्मेदारियों को भी काफी लंबे समय से निबाह रहे हैं, लेकिन इसका लाभ अब उनके परिवार के लोग भी उठाएं, तो यह पार्टी व मूवमेन्ट के हित में सही नहीं होगा। कई साल पहले अपनी आत्मकथा 'मेरे संघर्षमय जीवन एवं बहुजन मूवमेंट का सफरनामा' में मायावती ने उत्तराधिकारी के सवाल पर लिखा है, मैं अपने परिवार के सदस्यों को राजनीति से बहुत दूर रखती हूं, ताकि मेरे ऊपर परिवारवाद का आरोप न लगे, जब कभी मैं अपने उत्तराधिकारी की घोषणा करूंगी, वह मेरे कोई भाई-बहन या मेरा रिश्तेदार नहीं होगा। मैं किसी ऐसे को अपना उत्तराधिकारी बनाऊंगी, जो अनुसूचित जाति के भी सबसे पीड़ित समाज का होगा/होगी, मेरी जाति का वह व्यक्ति मुझसे 30-35 साल छोटा होगा/होगी, ताकि वह अपने नेतृत्व में इस मूवमेंट को लंबे समय तक आगे ले जा पाए।

चार तीर

सुनील उत्सव

'घोषणाएं' 'अच्छी' 'यकीं' 'झूट'

घोषणाएं आपकी अच्छी हैं,लेकिन क्या करें,
आपकी बातों पे सबको क्यूँ यकीं आता नहीं?
आप अपने झूट पर भी तो यहाँ टिकते नहीं,
आपकी बातों पे सबको यूँ यकीं आता नहीं।

साइबर सेल शाहपुर की बड़ी कार्रवाई, पीड़ित को वापस दिलाए डेढ़ लाख रुपये

शाहपुर, 15 सितम्बर (बु.)। साइबर ठगी के मामले में थाना शाहपुर की साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते से ठगी गई 1.50 लाख रुपये की पूरी धनराशि वापस करा दी। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया। पुलिस के अनुसार ग्राम शोरम निवासी परवेज आलम के खाते से अज्ञात साइबर ठग द्वारा 1,50,000 रुपये की धनराशि निकाल ली गई थी। पीड़ित ने इस संबंध में 19 जुलाई 2026 को ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना शाहपुर पर गठित साइबर सेल टीम ने संबंधित स्तर पर कार्रवाई शुरू की। लगातार प्रयास और आवश्यक कार्रवाई के बाद साइबर सेल टीम ने 15 सितंबर 2026 को पीड़ित के खाते में ठगी गई पूरी 1,50,000 रुपये की धनराशि वापस करा दी। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी होने की स्थिति में तत्काल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी शाहपुर उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई। साइबर सेल टीम में उपनिरीक्षक विशाल यादव, का. 02309 रवि शंकर तथा रि.का. तरुण शर्मा शामिल रहे।

प्रिया सरोज-रिंकू सिंह की शादी 4 दिसंबर को लखनऊ के रमाडा होटल में होगी

लखनऊ, 15 सितंबर (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की शादी की तारीख तय हो गई है। दोनों 4 दिसंबर को लखनऊ के रमाडा होटल में शादी के बंधन में बंधेंगे। शादी की तारीख तय होने के बाद से दोनों के परिवार इसकी तैयारियों में जुटे गए हैं। शादी में परिवार के सदस्यों के अलावा करीबी रिश्तेदार और खास मेहमान शामिल हो सकते हैं। रिंकू सिंह भारतीय क्रिकेट टीम के चर्चित खिलाड़ियों में शामिल हैं। वहीं, प्रिया सरोज उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से समाजवादी पार्टी की सांसद हैं। 8 जून, 2025 को क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी लखनऊ के 'द सेंट्रम' होटल में हुई थी। तब रिंकू और प्रिया एक-दूसरे का हाथ पकड़कर हॉल में पहुंचे थे। स्टेज पर रिंकू ने प्रिया को रिंग पहनाई, तो वह भावुक हो गईं और फफककर रो पड़ी थीं।

भर रही नेताओं की जेबें, धंस रहा विकास, शायद यही है रामराज?



रुडकी रोड पर धंसे विकास का नजारा

मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)। जिस शहर में नेताओं को अपनी जेबें भरने से फुर्सत नहीं हो रही, उस शहर में आये दिन ऐसी ही तस्वीरें सामने आएंगी, जिसमें विकास हर सड़क पर धंसा हुआ मिलेगा। कभी खालापार, कभी गांधी कॉलोनी, कभी कच्ची सड़क तो अब रुड़की रोड पर विकास धंसने की तस्वीरें सामने आई है। सबसे शानदार पॉलिसी नेताओं और अधिकारियों ने यह बना रखी है कि जब विकास धंसता है तो कोई उस सड़क को नगर पालिका की कमी बताकर अपना पल्ला झाड़ लेता है तो कोई पीडब्लूडी की। असल में जो नेता वोट बंटोरकर सत्ता पर आसीन हो जाते हैं उनकी मिलीभगत के बिना कभी भ्रष्टाचार नहीं होता। यदि वे ये सफाई देते हों कि उनकी निगाह में यह भ्रष्टाचार नहीं है तो ये उनका ही काम है कि जिस शहर से उन्होंने मतदाताओं को बेवकूफ बनाकर वोट बंटोरे हैं, जब सड़कें बन रही हों तो टेंडर के मानक लेकर खड़े हो जाएं यदि उनके पास फुर्सत न हो तो अपने चमचों को भेजकर निर्माणाधीन सड़क के मानक पूर्ण कराएं। इस शहर में भ्रष्टाचार का कैसा बोलबाला है, यह बताने की जरूरत अब नहीं है। यह तस्वीर आम जनता के सामने पूरी तरह आ चुकी है कि नेता तो जनता की गाढ़ी कमाई से लिये हुए टैक्स को अपनी जेबें भरने में लगा रहे हैं। 60 प्रतिशत नेताओं के घर भर रहे हैं और 40 प्रतिशत विकास के लिए सड़कों पर खर्च किया जा रहा है। यदि नेता भूल गए हों तो आने वाले दिनों में जनता उन्हें याद दिलाएगी कि किस तरह से उन्होंने लिंक रोड की ढाई करोड़ की सड़क को एक करोड़ की बताया था। किस तरह से भोपा रोड पर नाला निर्माण में भ्रष्टाचार किया गया था, कैसे शहर के व्यततम मार्ग भगत सिंह रोड रात में बनकर सुबह टूट गयी थी। किस तरह पॉश कॉलोनी गांधी कॉलोनी में विकास की गंगा बही थी और गांधी वाटिका, हुकुम सिंह वाली गली, शाहबुद्दीनपुर रोड, मेन रोड पचैंडा रोड, हनुमान मंदिर चौराहा, मेन रोड गांधी कॉलोनी की सड़कें महज छह माह में ही 6 फुट लम्बी और 6 इंच गहरी टूटकर बिखर गई थी। कैसे खालापार की सड़क देखते ही देखते दो बार धंस गई और पूरा मीनाक्षी चौक जाम रहा। इसी क्रम में मंगलवार को रुड़की रोड पर धंसे हुए विकास की सड़क सामने आई, जहां आम जनता ने धंसे हुए विकास के चारों ओर ईंट लगाकर कोई दुर्घटना न घटित हो, इसके लिए एक डंडा भी लगा रखा है। जैसे-जैसे जगह-जगह विकास धंस रहा है, वैसे-वैसे जनता भी भाजपाईयों को इसी तरह धंसाने की तैयारी में लगी हुई है, क्योंकि रामराज के सपने दिखाकर रावण से भी बदतर राज मुजफ्फरनगर में देखने को मिल रहा है। भ्रष्टाचार अपनी सारी सीमाएं लांघ चुका है और कोई भी सड़क शहर में ऐसी दिखाई नहीं दे रही, जिस पर गर्व से कह दिया जाए कि यह सड़क ईमानदारी से बनी है। ऐसे में साफ प्रतीत होता है कि नेता जनता की गाढ़ी पसीने की कमाई से भरे हुए टैक्स से अपनी झोलियां भर रहे हैं। नेताओं का विकास साफ दिखाई दे रहा है और शहर का सर्वनाश हरेक आदमी की जुबान पर है।

ऑपरेशन के दौरान पेट में नस काटकर छोड़ने का आरोप

– डीएम से अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग



मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बुस.)। अलमासपुर निवासी महिला ने एक निजी अस्पताल में बेटी के पथरी के ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। महिला ने चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। अलमासपुर निवासी अनिता पत्नी रविकुमार ने डीएम को दिए शिकायती-पत्र में बताया कि 7 अगस्त 2026 को उसकी पुत्री काजल की तबीयत खराब होने पर उसे जानसठ रोड स्थित वशिष्ठ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां चिकित्सक डॉ. आशीष शर्मा ने पथरी का ऑपरेशन किया। 10 अगस्त को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, 24 अगस्त को काजल की हालत दोबारा बिगड़ गई। उसे वशिष्ठ अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे भर्ती करने से इन्कार कर दिया। आनन फानन में परिजन उसे सर्कुलर रोड स्थित निर्वाण अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां अल्ट्रासाउंड जांच के दौरान ऑपरेशन के समय पेट में नस कटने और उसे ठीक न किए जाने की बात सामने आने का आरोप लगाया गया। अनिता का कहना है कि काजल को लगातार खून की उल्टियां हो रही थीं और उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। हालत नाजुक होने पर निर्वाण अस्पताल से उसे मेरठ के अस्पताल के लिए रेफर किया गया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने काजल का दोबारा ऑपरेशन कराने की सलाह दी। शिकायत के मुताबिक, 25 अगस्त को ऑपरेशन कर रक्तस्राव को नियंत्रित किया गया। महिला ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराकर वशिष्ठ अस्पताल और संबंधित चिकित्सक डॉ. आशीष शर्मा के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

गोरखपुर एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध

– ग्रामीणों ने एडीएम कार्यालय में दर्ज कराई आपत्तियां



मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बुस.)। छपार क्षेत्र के कुतुबपुर गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को एडीएम कार्यालय पहुंचकर गोरखपुर एक्सप्रेसवे के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण का विरोध किया। ग्रामीणों ने भूमि अधिग्रहण को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए प्रशासन से उचित मुआवजा और प्रभावित परिवारों के हितों का ध्यान रखने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित अधिग्रहण से उनकी पुश्तैनी जमीन प्रभावित होगी। ग्रामीण प्रतिनिधि सिद्धार्थ त्यागी ने कहा कि ग्रामीण अपनी पुश्तैनी जमीन बचाना चाहते हैं। यदि जमीन का अधिग्रहण किया जाता है, तो उन्हें वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने भूमि का बाजार मूल्य के आधार पर आकलन कराने के साथ-साथ प्रभावित परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी उठाई। उन्होंने प्रशासन से भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में ग्रामीणों की आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करने और प्रभावित परिवारों के हित में निर्णय लेने की मांग की।

मेरठ में होमगार्ड भर्ती की दौड़ में अभ्यर्थी की मौत:9 की हालत बिगड़ी

मेरठ, 15 सितंबर (एजेंसी)। होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया के दौरान दौड़ में शामिल एक अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई, जबकि 9 अन्य अभ्यर्थियों की हालत खराब हो गई। घटना के बाद भर्ती स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सभी प्रभावित अभ्यर्थियों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि होमगार्ड भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की दौड़ कराई जा रही थी। इसी दौरान तेज दौड़ लगाने के बीच कुछ अभ्यर्थियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। एक अभ्यर्थी की हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, 9 अन्य अभ्यर्थियों को भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर उपचार दिया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद भर्ती प्रक्रिया और अभ्यर्थियों की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। अधिकारियों ने घटना की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

नेपाल आपदा पीड़ितों के लिए पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने रवाना की राहत सामग्री



मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बुस.)। नेपाल में आई भीषण आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप की पहल पर चलाए गए नेपाल हेल्पिंग हैंड अभियान के तहत एकत्र खाद्य सामग्री मंगलवार को टाउनहाल मैदान से नेपाल के लिए रवाना की गई। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने खाद्य सामग्री से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने अभियान में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताया और कहा कि संकट की घड़ी में जरूरतमंदों की सहायता करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नेपाल में आपदा के बाद बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं और उन्हें खाद्य सामग्री सहित आवश्यक वस्तुओं की जरूरत है। ऐसे में मुजफ्फरनगर से सहायता सामग्री भेजने के लिए नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप द्वारा चलाए गए अभियान को विभिन्न वर्गों का व्यापक समर्थन मिला। नगरपालिका परिषद के सभासदों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों तथा व्यापारिक संगठनों ने भी अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की। लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर नेपाल के आपदा प्रभावित लोगों तक मदद पहुंचाने में योगदान दिया। मंगलवार को टाउनहाल मैदान से खाद्य सामग्री से भरे वाहन को नेपाल के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि नेपाल के लोगों के साथ भारत का संबंध केवल पड़ोसी देशों का नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी गहरा है। आपदा की इस घड़ी में नेपाल के लोगों की सहायता के लिए आगे आना हमारा मानवीय दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हमेशा आपदा के समय पड़ोसी और मित्र देशों की सहायता के लिए तत्पर रहा है। नेपाल के लिए भी भारत सरकार की ओर से राहत और सहायता के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भी जरूरतमंदों की सहायता और मानवीय सेवा को प्राथमिकता दी जाती रही है। नेपाल के आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए चलाया गया यह अभियान इसी सेवा भावना का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में लोगों ने सूखा राशन चावल, आटा, दाल, घी-तेल और अन्य सामग्री दी हैं। इसके साथ ही 3 लाख 11 हजार रुपये का नकद सहयोग प्राप्त हुआ है। मीनाक्षी स्वरूप ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, जनार्दन विश्वकर्मा, युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, सभासद कुसुमलता पाल, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, रजत धीमान, योगेश मित्तल, शौकत अंसारी, हकीम इरशाद अंसारी, प्रशान्त गौतम, नवनीत गुप्ता, अनुज कुमार, विजय कुमार चिंटू, प्रमोद अंबेडकर, सुन्दर सिंह, ईओ पवन कुमार, एनएसए डॉ. अनु चौधरी, एई नैपाल सिंह, जेई जितेन्द्र सैनी, लिपिक एसबीएस रूचि शर्मा, पूर्व सभासद आशुतोष गुप्ता, डीके जैन, विपिन जैन आदि मौजूद रहे।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारोबार को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जानसठ, 15 सितम्बर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहे नकली मावा, दूध, पनीर और मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया। नकली दूध, मावा, पनीर के कारोबारियों के खिलाफ कठोर कारवाई करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम रश्मि लांबा को सौंपा। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता तहसील अध्यक्ष अंकित जावला के नेतृत्व में इकट्ठा होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे ओर एक ज्ञापन एसडीएम रश्मि लांबा को सौंपा ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जानसठ तहसील क्षेत्र में नकली दूध, दही, पनीर और खोया (मावा) का काला कारोबार अपने चरम पर है। उदाहरण देते हुए बताया गया कि यदि क्षेत्र में 1000 लीटर दूध की खपत है, तो असली उत्पादन मात्र 300 लीटर ही है। बाकी का 700 लीटर दूध सिंथेटिक और नकली है। इस मिलावटखोरी के कारण जहां एक ओर आम जनता इस जहरीले सामान का सेवन कर गंभीर बीमारियों की शिकार हो रही है, वहीं दूसरी ओर असली दुग्ध उत्पादक किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र की दुकानों पर सरसों के तेल के नाम पर पाम ऑयल और चावल की पॉलिश से तैयार किया गया मिलावटी व जहरीला तेल धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे मिलावटखोरों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त, संगठन ने वन विभाग की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को भी तत्काल मुक्त कराने की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष अंकित जावला, संजीव सहरावत, विवेक भाटी, नफीस अहमद, राधेश्याम त्यागी, संसार राठी, यशपाल राठी और आकाश चौधरी सहित दर्जन भर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

17 सितंबर से आयोजित होगा सेवा संकल्प अभियान

– जनभागीदारी के साथ सेवा, सुशासन एवं जनकल्याणकारी कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर



मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बुस.)। 17 से सेवा संकल्प अभियान को सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने हेतु प्रशासक जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला अध्यक्ष लोकदल संजय राठी, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, सदस्य विधानसभा वन्दना वर्मा, राज्य महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल एवं डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, उप कृषि निदेशक, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी पंचायत, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी के साथ विकास भवन के सभागार में चर्चा की गई। कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया कि सेवा संकल्प अभियान के सभी कार्यक्रमों में संबंधित विभाग एवं जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से कहा कि अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से सेवा, सुशासन एवं विकास की भावना को मजबूत करते हुए नागरिकों को विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे, कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से छूट न पाए, इस उद्देश्य के साथ अभियान में जुड़कर कार्यक्रमों को सफल बनाएं।बैठक में अभियान के अंतर्गत 13 प्रमुख कार्यक्रमों की योजना वार समीक्षा की गई तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। डीएम ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिनको जो दायित्व दिए गए हैं, जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर कार्यक्रम को कुशल संपन्न कराए। सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने बताया कि अभियान के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों तथा विभिन्न विकास कार्यों से आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी व्यवस्थित रूप से संकलित की जाएगी।

न्यायपालिका जांच के दायरे से बाहर नहीं रह सकती : सीजेआई

नई दिल्ली, 15 सितंबर (एजेंसी)। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि लोगों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा बनाए रखने के लिए न्यायपालिका को जांच और आलोचना का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में न्यायपालिका के कामकाज की निष्पक्ष और रचनात्मक आलोचना जरूरी है। इससे न्याय व्यवस्था में जवाबदेही बढ़ती है और सुधार का रास्ता खुलता है। उन्होंने कहा कि जजों को अपने कार्यकाल के अलग-अलग चरणों में शिकायतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि उन्होंने सवाल उठाया कि क्या हर शिकायत को वेबसाइट पर सार्वजनिक कर देना चाहिए। सूर्यकांत ने यह बात ह्यजस्टिस सीन टू बी डनः ट्रांसपेरेंसी एंड पब्लिक ट्रस्ट ऐज पिलर्स ऑफ द लीगल सिस्टम विषय पर आयोजित छठे राम जेठमलानी स्मृति व्याख्यान में कही। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली में किया गया था।

कंपनी गार्डन पहुंचीं मीनाक्षी स्वरूप, सुनी समस्याएं



मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बुस.)। नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मंगलवार सुबह मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका (कंपनी गार्डन) का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मॉर्निंग वॉक के लिए नियमित रूप से आने वाले वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने पार्क की व्यवस्थाओं में सुधार, सफाई, सुविधाओं और सौंदर्यीकरण से जुड़े कई सुझाव पालिका अध्यक्ष के सामने रखे। मीनाक्षी स्वरूप ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कुछ समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए उन्होंने मौके पर ही वाटिका प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनु चौधरी, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल और अन्य संबंधित अधिकारियों को बुलाकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर के प्रमुख पार्कों में आने वाले नागरिकों को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना नगरपालिका की प्राथमिकता है। वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कंपनी गार्डन में चल रहे विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों से कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराए जाएं। गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्क में आने वाले नागरिकों के सुझाव जमीनी जरूरतों को समझने में मदद करते हैं। इन्हीं सुझावों के आधार पर कंपनी गार्डन के आगामी विकास और सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना को बेहतर बनाया जाएगा। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनसंवाद आगे भी जारी रहेगा।

पाकिस्तान ने सऊदी की मदद करने से इन्कार किया

रियाद/तेल अवीव, 15 सितंबर (एजेंसी)। यमन के लाल सागर तट और बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के बड़े इलाके पर हूती विद्रोहियों के कब्जे के बाद सऊदी अरब बड़े संकट में है। यरुशलम पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब के मक्का रक्षा गठबंधन के साथी पाकिस्तान ने यमन में लड़ने के लिए अपनी सेना या सैन्य संसाधन भेजने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान ने कहा है कि उसकी सेना सऊदी अरब की जमीन की रक्षा के लिए तैनात की जा सकती है, लेकिन वह किसी दूसरे देश की जमीन पर युद्ध में शामिल नहीं होगी। इसके बाद सऊदी अरब ने हूती सैन्य कार्रवाई से निपटने के लिए अब इजराइल से खुफिया मदद मांगी है। यह बातचीत अमेरिका की मध्यस्थता में हुई। खास बात यह है कि सऊदी अरब इजराइल को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता नहीं देता।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी जन्मतिथि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश/भूलवश 01/09/1990 दर्ज हो गई है, जबकि मेरी सही जन्मतिथि 01/05/1990 है, जो मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है।

अभिनव तीजवाल पुत्र श्री मांगेराम पाल
1688, जनकपुरी-7, निकट अरविन्द पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर

एमबीबीएस को एक लाख आयुष चिकित्सकों को 32 हजार, बहुत ना इंसाफी है

एनएचएम के संविदा आयुष चिकित्सकों ने समान वेतन की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



मुजफ्फरनगर,15 सितंबर (बु.)। आयुष डॉक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्य कर रहे संविदा आयुष चिकित्सकों ने जिला अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर संविदा पर कार्य कर रहे एमबीबीएस चिकित्सकों के समान वेतन की मांग की। जिला अधिकारी कार्यालय की प्रशासनिक अधिकारी शेफाली को दिए ज्ञापन में संगठन के अध्यक्ष डॉ. सचिन जैन ने बताया कि 16 साल पहले जब नियुक्ति की जाती थी तो संविदा पर आयुष एवं एमबीबीएस दोनों का मानदेय समान था, लेकिन समय बीतने के साथ-साथ संविदा एमबीबीएस चिकित्सकों का मानदेय राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा परंतु आयुष चिकित्सकों पर कोई तवज्जो सरकार द्वारा नहीं दी गई जिसके कारण आज भी नये आयुष चिकित्सकों का मानदेय 32000 है, जबकि नए संविदा एमबीबीएस चिकित्सक का मानदेय 1 लाख है आज की इस भर्ती महंगाई में अगर सरकार ही आयुष चिकित्सकों का शोषण करेगी तो इसे दुर्भाग्य ही माना जाएगा। एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आयुष के उत्थान के कार्यों में लगे हुए हैं वहीं राज्य सरकार प्रधानमंत्री की मंशा के विपरीत कार्य कर रही है। बार-बार कहने के बावजूद भी राज्य सरकार सुनने को तैयार नहीं है जिसके कारण अब आयुष चिकित्सक आंदोलन करने के लिए बाध्य है। संगठन के मंत्री डॉ राहुल वर्मा ने बताया कि नियमित पदों पर एमबीबीएस एवं आयुष चिकित्सकों का मानदेय बिल्कुल बराबर है तो संविदा पर यह भेदभाव क्यों किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष डॉ फैजल सिद्दीकी, डॉ देवेंद्र व डॉक्टर वेद भूषण शर्मा ने कहा कि जब दूसरे प्रदेशों में मानदेय बढ़ाया जा सकता है तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं बढ़ाया जा सकता है। ज्ञापन देने वालों में डॉ. सचिन जैन, डॉ. राहुल वर्मा, डॉ. विजीत कुमार, डॉ. शरद कुमार, डॉ. चेतन कौशिक, डॉ. मोहम्मद मियां, डॉ. वेदभूषण, डॉ. अवनीश अहलावत, डॉ. सुधा गुप्ता, डॉ. रमाशंकर, डॉ. नीतिश कुमार, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. देवेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

राजौरी में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 3 आतंकी मददगार अरेस्ट

श्रीनगर, 15 सितंबर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े ओवरग्राउंड वर्कर नेटवर्क का खुलासा किया। इस मामले में सोमवार देर शाम आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजौरी के कोटचरवाल तेरीयाथ निवासी जाकिर हुसैन और मोहम्मद आजम और उधन गांव निवासी मोहम्मद मुश्ताक के रूप में हुई है। जांच के दौरान एक आरोपी की निशानदेही पर क्यूऊभी बरामद किया गया है। पुलिस को शक है कि आतंकी समूह ने इसे सुरक्षित रखने या फिर टारगेटेड हमले में इस्तेमाल के लिए इन्हें दिया होगा। पुलिस के मुताबिक, आरोपी आतंकियों को लॉजिस्टिक मदद, सुरक्षित रास्ता और दूसरी जमीनी सहायता देते थे। वे आतंकी समूहों को कश्मीर घाटी तक पहुंचाने में गाइड की भूमिका निभाते थे। जम्मू में एक अधिकारी ने बताया कि पीर पंजाल क्षेत्र में आतंकी नेटवर्क के खिलाफ यह बड़ी सफलता है। जांच में सामने आया कि आरोपी गाइड के तौर पर काम करते थे। वे आतंकी समूहों को सुरक्षित तरीके से कश्मीर घाटी की ओर जाने में मदद करते थे।

शुभेंदु अधिकारी के पीए की मां नंदीग्राम से उम्मीदवार

कोलकाता, 15 सितंबर (एजेंसी)। भाजपा ने पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने नंदीग्राम से हसीरानी रथ और रेजीनगर से शाश्वर सरकार को टिकट दिया है। हसीरानी शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की मां हैं। 6 मई की देर रात मध्यमग्राम के पास चंद्रनाथ को गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बाद में उनकी मौत हो गई। इस साल अप्रैल-मई में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 207 सीटें जीती थीं। तृणमूल कांग्रेस को 80 और कांग्रेस को 2 सीटें मिली थीं। इन नतीजों के बाद ममता बनर्जी 15 साल बाद सत्ता से बाहर हो गई।

Shri Ram College of Education
Approved by NCTE & Affiliated to SCERT, Allahabad
Muzaffarnagar (UP)

Requires for D.El.Ed (BTC) Programme
Lecturers in Foundation Course: 01 No. & Methodology Courses: 04 Nos. (Science, Maths, Language, Social Science). **Qualification** - MEd/MA in Education with 50% marks & Master Degree with 50% marks. **Physical Education: 01 No. Qualification** - MPEd with 50% marks. **Librarian: 01 No. Qualification** - BLib with 55% marks.

Apply th email @ **srgcmznjobs@gmail.com** upto 23.09.2026
Contact No. : Dr Prema Mittal (Principal) - 9927028908

गोवर्धन परिक्रमा के समय युवती की दांतों से नाक काटी

मथुरा, 15 सितंबर (एजेंसी)। गोवर्धन में सोमवार दोपहर गिरिराज की परिक्रमा कर रही एक श्रद्धालु लड़की पर युवक ने हमला कर दिया। युवक ने लड़की को धक्का देकर गिराया। उसका गला दबाया। इसके बाद दांत से उसकी नाक काट ली। सोने की नोजपिन लेकर भाग गया। घटना के बाद परिक्रमा मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। लड़की ने बताया कि वह गोवर्धन की परिक्रमा कर रही थी। बड़ी परिक्रमा मार्ग पर गिरिराज तलहटी के पास पहुंची थी। तभी करीब 25 साल का एक युवक डंडा लेकर वहां आया। उसने उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। लड़की के मुताबिक, युवक ने काफी देर तक उसका गला दबाए रखा। इसके बाद दांत से उसकी नाक काट ली। युवक उसे जान से मारने की कोशिश कर रहा था। हमले में उसका चेहरा भी बिगड़ गया है। लड़की मोनिका (32) मुंबई की रहने वाली है और मूल रूप से कश्मीरी पंडित परिवार से है। करीब छह महीने से गोवर्धन में रह रही है। यहां के मंदिरों में पूजा और भजन कर रही है। छोटी परिक्रमा मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास एक कॉलोनी में रुकी थी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

सूचना

सर्वसाधारण एवं स्वामियों/अध्यासियों को उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम - 1916 की धारा 147 (ग) एक्ट 2 के अन्तर्गत सूचित किया जाता है कि निम्नवत भवनों पर पालिका के कर- अभिलेखों में पालिका देय गृहकर, जलकर इत्यादि के देय को जमा कराने हेतु अपना नाम दर्ज कराने हेतु निम्नवत कागजातों के आधार पर नामान्तरण हेतु प्रस्तुत किये गये हैं।

क्र0 सं0	भवन संख्या व मौहल्ले का नाम	पालिका के अभिलेखों में दर्ज नाम	आवेदक का नाम	प्रस्तुत अभिलेखों का विवरण
1	213 सिविल लाईन दक्षिणी के जुज भाग पर	श्री सुशील कुमार अवधेश कुमार पुत्र ला0 रघुवीर प्रसाद व कु0 सरिता देवी पुत्री स्व0 रघवीर प्रसाद	श्री गौरव मित्तल पुत्र स्व0 श्री भगत राम मित्तल	रजि0 वसीयत दि0 08/11/2010 व मृत्यु प्रमाण-पत्र व शपथ-पत्र

यदि किसी आमजन/उक्त सम्बन्धित व्यक्तियों को उक्त नामान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदनों की बाबत कोई आपत्ति, उजर/सुझाव आदि प्रस्तुत करना है, तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर पालिका में प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही की जा सके।

प्रभारी कर अधीक्षक
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

योगी कैबिनेट ने किए दमादम फैसले : पीआरडी जवानों का मानदेय 600 रुपये किया, मिलेगा कैशलेस इलाज



लखनऊ, 15 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों के दैनिक ड्यूटी भत्ते को 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस निर्णय से 27,794 जवानों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा पीआरडी जवानों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के मुफ्त कैशलेस उपचार की सुविधा भी मिलेगी। सीएम योगी ने पहले ही पीआरडी जवानों के मानदेय में वृद्धि का ऐलान किया था। अब कैबिनेट से इसे मूर्त रूप दे दिया गया। लखनऊ में मंगलवार शाम 5 बजे योगी कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में शामिल होने मंत्री मनोज पांडेय हेलिकॉप्टर से पहुंचे। मनोज पांडेय इन दिनों अपने क्षेत्र ऊंचाहार में पंडित प्रदीप मिश्रा से शिव महापुराण की कथा करा रहे हैं। इसीलिए सरकार की तरफ से उनके लिए हेलिकॉप्टर भेजा गया। अयोध्या के मिल्कीपुर में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का रीजनल सेंटर बनाया जाएगा, जहां जवानों को ट्रेनिंग दी जाएगी। मथुरा के छाता में एथेनॉल प्लांट लगाया जाएगा। अलीगढ़ में नई यूनिवर्सिटी को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने विशेष सुरक्षा बल (एसपीजी) को हाईटेक हथियार देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। परिषदीय प्राथमिक स्कूलों को स्मार्ट बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली है।

गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि मथुरा के छाता की 19 साल से बंद शुगर फैक्ट्री को फिर से शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। फिलहाल यहां एथेनॉल प्लांट लगाया जाएगा। इसमें गन्ने, मक्का और धान से एथेनॉल बनाया जाएगा। सपा सरकार में एक भी रुपए का भुगतान नहीं किया गया इसलिए यह फैक्ट्री बंद हुई थी। वरना यह फैक्ट्री 1250 टीसीबी की बनी थी, गन्ना ज्यादा होने के इसकी क्षमता 2500 टीसीबी की गई थी। ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर बनाने के नियमों में भी बदलाव किया गया है। प्रदेश में 82 एटीएस के लिए आशय पत्र जारी किए गए थे, लेकिन इनमें से केवल 42 पर ही काम आगे बढ़ पाया। अब नए नियम के तहत एक लाइन के एटीएस के लिए 1,500 वर्गमीटर, दो लाइन के लिए 3,000 वर्गमीटर और दोपहिया वाहनों की टेस्टिंग को शामिल करने पर तीन लाइन के लिए 3,500 वर्गमीटर जमीन जरूरी होगी।

भर्ती में अग्निवीरों को 20% आरक्षण मिलेगा

पहले एटीएस के लिए पोर्टल खोलकर आवेदन लिए जाते थे और बाद में पोर्टल बंद कर दिया जाता था। अब पोर्टल हमेशा खुला रहेगा, जिससे इच्छुक लोग कभी भी आवेदन कर सकेंगे। एक जिले में अधिकतम तीन एटीएस खोले जा सकेंगे। एक मशीन से साल में करीब 24 हजार वाहनों की टेस्टिंग की जा सकेगी। परिवहन विभाग में प्रवर्तन सिपाही की भर्ती में अग्निवीरों को 20% आरक्षण दिया जाएगा। साथ ही, उन्हें आयु सीमा में 7 साल की छूट मिलेगी।

यूपी में 900 नई कोर्ट खुलेंगी, 6,656 पद भी बनेंगे

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अदालतों में लंबित मामलों को जल्द निपटाने के लिए यूपी में 900 नई कोर्ट खोलने को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इनमें 237 एचजेएस, 391 सिविल जज सीनियर डिवीजन और 272 सिविल जज जूनियर डिवीजन की कोर्ट शामिल होंगी। इन नई कोर्ट के लिए 6,656 नए पद बनाए जाएंगे। इन पर हर साल करीब 693.59 करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के जिला न्यायालयों में अभी 1,20,66,105 मामले लंबित हैं। नई कोर्ट खुलने से इन मामलों के जल्द निपटारे में मदद मिलेगी।

मकान-दुकान किराए पर लेना होगा आसान, स्टांप ड्यूटी घटी

स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि अब यूपी में मकान और दुकान किराए पर लेना आसान होगा। पहले किराए की संपत्ति के सर्किल रेट की चार गुना रकम पर 4% स्टांप ड्यूटी लगती थी। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी मकान का सर्किल रेट 2 लाख रुपए है तो चार गुना रकम 8 लाख रुपए होगी। इस पर 4% यानी 32 हजार रुपए स्टांप ड्यूटी देनी पड़ती थी। अब 2 लाख रुपए सालाना किराए पर 1 हजार, 5 लाख रुपए पर 3 हजार और 10 लाख रुपए सालाना किराए पर 4 हजार रुपए स्टांप ड्यूटी देनी होगी। इससे लोगों के लिए मकान और दुकान किराए पर लेना आसान होगा। अभियंत्रण विभागों में इंजीनियरों की आर्थिक सीमा बढ़ाई गई है। अब जिन इंजीनियरों के पास 3 लाख रुपए तक के काम की मंजूरी देने की शक्ति थी, उनकी सीमा बढ़ाकर 15 लाख रुपए कर दी गई है। इसी तरह 10 लाख रुपए तक की सीमा वाले इंजीनियरों की आर्थिक सीमा भी बढ़ाई गई है।

78 हजार कोटेदारों का कमीशन बढ़ा, अब 125 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा

प्रदेश के करीब 78 हजार कोटेदारों का लाभांश बढ़ाने को मंजूरी दी है। अब कोटेदारों को 90 रुपए की जगह 125 रुपए प्रति क्विंटल मुनाफा मिलेगा। इससे राज्य सरकार पर हर साल करीब 225 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। केंद्र सरकार ने पहले ही कोटेदारों का कमीशन 90 रुपए से बढ़ाकर 100 रुपए प्रति क्विंटल किया था। अब राज्य सरकार ने इसमें 25 रुपए और बढ़ाकर कुल मुनाफा 125 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है।

बेसिक स्कूलों में बनेंगी स्मार्ट क्लास

बेसिक शिक्षा परिषद के 14,429 स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाई जाएंगी। इसके लिए सरकार ने 300 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। हर स्कूल को करीब 2.07 लाख रुपए दिए जाएंगे। स्कूलों में इंटरनेट कनेक्शन भी लगाया जाएगा। इससे बच्चों को पढ़ाई में डिजिटल सुविधाएं मिलेंगी।

पेट्रोल, बिजली, पानी और सभी बिल्स पर 5 रुपए लगेगा चार्ज

2,000 से ज्यादा यूपीआई पेमेंट पर चार्ज लगेगा : किसी भी ट्रांजेक्शन पर 300 रुपए ज्यादा नहीं ले सकेंगे



नई दिल्ली, 15 सितंबर (एजेंसी)। बढ़ती महंगाई के बीच अब यूपीआई पेमेंट पर चार्ज देना होगा। यानी आपका यूपीआई अब मुफ्त नहीं रहा। चार्ज दो हजार रुपए से ज्यादा के ट्रांजेक्शन पर लगेगा। बड़ी बात यह है कि अगर आम आदमी 2000 रुपए से ज्यादा का पेट्रोल, बिजली बिल या कोई और बिल यूपीआई से पे करता है तो अब हर लेन देन पर 5 रुपए का चार्ज लगेगा। केंद्र सरकार ने मंगलवार (15 सितंबर 2026) को यूपीआई पेमेंट के लिए नया स्लैब लागू किया है। नए स्लैब के मुताबिक, अब 2000 से ज्यादा के मर्चेंट यूपीआई पेमेंट पर 0.4 फीसदी का एमडीआर शुल्क लेना तय किया गया है। हालांकि ये चार्ज आम लोगों को नहीं, बल्कि मर्चेंट की ही देना होगा। 2,000 रुपए से ज्यादा के कुछ मर्चेंट पेमेंट पर चार्ज लगेगा, जबकि छोटे व्यापारियों और कम वैल्यू वाले ट्रांजैक्शन के लिए जीरो एमडीआर जारी रहेगा। 15 अक्टूबर 2026 से चुनिंदा मर्चेंट ट्रांजेक्शन पर यूपीआई मर्चेंट डिस्काउंट रेट का नया फ्रेमवर्क लागू होगा। अभी तक तो यूपीआई चार्ज सिर्फ बड़े दुकानदारों तक सीमित था, लेकिन सरकार के इस नए फैसले ने अब आम आदमी पर भी बोझ बढ़ा दिया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यानी एनपीसीआई के एफएक्यू के मुताबिक, यह नियम 15 अक्टूबर 2026 से लागू होगा। कुछ जरूरी सेवाओं में सामान्य 0.4% मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर के बजाय हर लेनदेन पर 5 तक का तय चार्ज रखा गया है। इसमें पेट्रोल पंप, टेलीकॉम, बीमा और रेलवे जैसी कैटेगरी शामिल हैं। यानी अगर इन सेवाओं का बिल 2 हजार रुपए से ज्यादा है और आप यूपीआई से इन बिलों का पेमेंट कर रहे हैं तो हर पेमेंट पर 5 रुपए का चार्ज वसूला जाएगा। बिजली, पानी और पाइप वाली गैस के बिलों पर भी 5 रुपए वाला प्रावधान लागू होगा। वहीं म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार से जुड़े पेमेंट पर 0.02% की दर रखी गई है, जिसकी अधिकतम सीमा 300 रुपए होगी। हालांकि ऑटो-डेबिट वाले कुछ पेमेंट पर एमडीआर नहीं लगेगा। एनपीसीआई के मुताबिक, यूपीआई का नेटवर्क चलाने, सर्वर संभालने और फ्रॉड को रोकने में हर साल करीब 20 हजार करोड़ रुपए का खर्च आता है। अभी तक यूपीआई के लिए सरकारी सहायता एक बड़ी भूमिका निभाती रही है। अगस्त 2026 में वढक पर करीब 2451 करोड़ लेनदेन हुए, जिनकी कुल वैल्यू करीब 29.9 लाख करोड़ रुपए रही।

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ सात विकेट से जीता लगातार 10वां टी20

नई दिल्ली, 15 सितंबर (एजेंसी)। भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20 मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए इस मैच में जहां नीतीश रेड्डी ने गेंदबाजी में प्रभावित किया, वहीं, सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्धशतक लगाया। भारत ने अभी तक टी20 इतिहास में अफगानिस्तान के खिलाफ कोई मैच नहीं गंवाया है। भारत ने दबदबा बरकरार रखते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार 10वां टी20 मुकाबला जीता। ये टी20 में भारत के खिलाफ किसी टीम की लगातार सर्वाधिक हार है। अफगानिस्तान ने इस मामले में बांग्लादेश को पीछे छोड़ा। बांग्लादेश ने 2019 से 2025 के बीच भारत के खिलाफ लगातार नौ मैच गंवाए थे।

मोबाइल की ईएमआई वसूलने के लिए कराई मजदूरी और निकाल लिया खून



लखनऊ, 15 सितंबर (एजेंसी)। एक व्यक्ति ने दावा किया है कि मोबाइल फोन की किस्त का भुगतान न करने के कारण उसका अपहरण कर लिया गया, ईएमआई वसूलने के लिए उसका खून निकलवाया गया और उसे कई दिनों तक एक घर में बंधक बनाकर रखा गया, जहां उसे जबरन काम करने के लिए मजबूर किया गया। नवल नाम के इस व्यक्ति ने लगभग एक साल पहले एक दुकान से बिना डाउन पेमेंट के 21,500 रुपये का सैमसंग मोबाइल फोन खरीदा था। उसकी मासिक किस्त 12 महीनों के लिए 2,799 रुपये तय की गई थी। उनके परिवार का दावा है कि खरीदारी के बाद जब पहली किस्त देने का समय आया, तो दुकान से लोग आए और फोन वापस ले गए। 8 सितंबर को दो आदमी अपने घर लौटे और नवल को अपने साथ ले गए। नवल ने आरोप लगाया कि वे उसे लखनऊ के एक ब्लड बैंक में ले गए, जहाँ से एक यूनिट खून निकाला गया। इसके बाद उसे घर ले जाया गया, बंधक बनाकर रखा गया और कई दिनों तक उससे जबरन मजदूरी करवाई गई। आरोपियों ने नवल के बड़े भाई राजकुमार से संपर्क किया और मोबाइल की किस्त के तौर पर ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से 2,799 रुपये की मांग की। जब परिवार ने नवल को रिहा करने की गुहार लगाई, तो उन्होंने 12,000 रुपये और मांगे। परिवार ने आगे दावा किया कि उन्हें गंभीर परिणामों की धमकी दी गई थी, जिसमें नवल को जान से मारने और उसे गोमती नदी में फेंकने की धमकी भी शामिल थी, यदि पैसा नहीं चुकाया गया। अपने बेटे की सुरक्षा को लेकर चिंतित परिवार ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। पांच दिन बाद, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद, नवल को रैपिडो टैक्सी से घर लाया गया, और कथित तौर पर उसके भाई को किराया चुकाना पड़ा। परिवार ने बताया कि जब उन्होंने इसमें शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की मांग की तो उन्हें धमकी दी गई और कहा गया कि अगर वे इस मामले को आगे बढ़ाते हैं तो नवल भी फंस सकता है।

जौहर ट्रस्ट पर आयकर विभाग का शिकंजा, 500 करोड़ से अधिक की वसूली की तैयारी

लखनऊ, 15 सितंबर (एजेंसी)। जौहर ट्रस्ट से जुड़े वित्तीय मामलों में आयकर विभाग ने कार्रवाई का अगला चरण शुरू कर दिया है। पूर्व मंत्री आजम खां व उनके स्वजनों के जौहर ट्रस्ट का पंजीकरण रद किए जाने के बाद अब आयकर विभाग ने 450 करोड़ रुपये की अघोषित आय पर कर, जुर्माना और ब्याज की वसूली की तैयारी शुरू कर दी है। यह राशि करीब 500 करोड़ रुपये से ज्यादा होगी। इसके लिए विभाग ने मुख्यालय से अनुमति मांगी है। आयकर विभाग की अभी तक की जांच में यह बात सामने आई है कि जौहर ट्रस्ट द्वारा वित्तीय अनियमितताओं और फर्जी लोगों को ट्रस्टी बनाकर करोड़ों रुपये का चंदा एकत्र किया था। साथ ही जौहर विश्वविद्यालय के भवनों के निर्माण में सरकारी धन का इस्तेमाल करने का मामला भी सामने आया है। इस संदर्भ में आयकर विभाग ने ट्रस्ट को कई बार नोटिस जारी कर पक्ष रखने का मौका दिया था, लेकिन ट्रस्ट के पदाधिकारी आयकर विभाग को करोड़ों रुपये की आय के स्रोत की जानकारी नहीं दे सके। नतीजतन आयकर विभाग ने इस मामले में अघोषित राशि का 30 प्रतिशत जुर्माना और ब्याज वसूलने की तैयारी की है।

मेरठ के अनमोल टेलीकॉम शोरूम में लगी आग

मेरठ, 15 सितंबर (एजेंसी)। परतापुर थाना क्षेत्र में गगोल रोड स्थित अनमोल टेलीकॉम शोरूम में सोमवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग कुछ ही देर में पूरे शोरूम में फैल गई। सूचना पर दमकल की तीन



गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में शोरूम में रखा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर पहुंचे शोरूम मालिक सुशील नुकसान देखकर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। परिवार के लोगों ने उन्हें संभाला। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

'एक फार्म हाउस में मेरी हत्या का प्लान : चंद्रशेखर आजाद

लखनऊ, 15 सितंबर (एजेंसी)। भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद ने खुद की हत्या को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया, "एक फार्म हाउस में मेरी हत्या करने का षड्यंत्र रचा गया है। मैं यह बात बहुत जिम्मेदारी से कह रहा हूं। मेरे पास जो सूचनाएं और स्रोत हैं, वे गलत नहीं हैं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए और हत्या की साजिश से लेकर बाराबंकी हिंसा में शामिल लोगों की भूमिका सामने लाई जाए।" उन्होंने आगे कहा, "मैं अपने विरोधियों से भी कहना चाहता हूं मौत तो एक दिन आनी है, मौत से डरकर जिया नहीं जा सकता। अगर मेरी मौत आपके हाथों लिखी होगी तो वह भी हो जाएगी, लेकिन अगर आप अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हुए और मेरे लोगों ने मुझे ताकत, हिम्मत और मेरा साथ दे दिया, तो याद रखिए, आप जैसे गुंडों को उत्तर प्रदेश से पलायन करना पड़ेगा।" चंद्रशेखर आजाद ने आगे कहा, "आज सवाल सिर्फ मेरी सुरक्षा का नहीं है। जब सुरक्षा प्राप्त एक चुने हुए जनप्रतिनिधि और सांसद के साथ दिनदहाड़े पत्थरबाजी की जाए, पेट्रोल-डीजल जैसी ज्वलनशील चीजों से भरी बोतलों के जरिए गाड़ी में आग लगाने का प्रयास किया जाए और आरोपी इतने बेखौफ हों, तो सोचिए इस प्रदेश में दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों की सुरक्षा और न्याय की स्थिति क्या होगी?" उन्होंने आगे कहा कि मैं अपने साथियों से भी कहना चाहता हूं कि डरने की जरूरत नहीं है। संघर्ष जारी रहेगा। मौत से डरकर जिया नहीं जा सकता। फिलहाल सांसद के इस खुलासे से सियासी हलचल तेज हो गई है। चंद्रशेखर आजाद ने वीडियो बयान में बताया कि चाहें यूजीसी हो या आरक्षण के विरोध में जो आंदोलन चल रहे थे मैं अकेला आजाद समाज पार्टी की तरफ से एकमात्र मुखर आवाज होकर खड़ा था।

जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध कबूतर मिला

नई दिल्ली, 15 सितंबर (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में एक संदिग्ध कबूतर मिला है। इसके पैर में एक छल्ला बंधा था, जिस पर एक नंबर लिखा हुआ था। स्थानीय लोगों ने कबूतर को संदिग्ध हालत में देखकर पुलिस और बीएसएफ को सूचना दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने कबूतर को अपने कब्जे में ले लिया। पैर में नंबर वाला छल्ला मिलने से सीमा पार से जासूसी या किसी गलत इस्तेमाल का शक गहरा गया है। सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है और कबूतर की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि कहीं इसका इस्तेमाल जासूसी या तस्करी के लिए तो नहीं किया गया था। सीमावर्ती इलाकों में पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।

पति-पत्नी के अर्धनग्न शव मिले : सलवार पहने पति पेड़ से लटका था; नदी में मिली पत्नी, पैर बंधे थे

बिजनौर, 15 सितंबर (एजेंसी)। बिजनौर में पति-पत्नी के शव जंगल में मिले। पति का शव पेड़ से लटका था। शरीर पर सिर्फ पत्नी की सलवार थी। अंगूठा फंदे में फंसा था। पत्नी का शव गंगा किनारे झाड़ियों में पड़ा था। लाश अर्धनग्न थी। शरीर का आधा हिस्सा पानी में था। दोनों पैर दुपट्टे से बंधे थे। दोनों शवों के बीच करीब 1 किमी की दूरी थी। पति-पत्नी सोमवार को लकड़ी काटने के लिए घर से निकले थे। देर रात तक नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन दोनों नहीं मिले। मंगलवार सुबह फिर तलाश की गई तो घर से करीब 2 किमी दूर जंगल में दोनों के शव मिले। मामला जिला मुख्यालय से 6 किमी दूर जलालपुर काजी गांव का है। बहन का कहना है कि भाई-भाभी की हत्या हुई। भाभी के साथ दरिंदगी भी हुई है। पुलिस दो एंगल पर जांच कर रही है। पहला- पति-पत्नी की हत्या की गई। दूसरा- पति ने पत्नी की हत्या करने के बाद सुसाइड किया। जलालपुर काजी गांव का रहने वाला देशराज उर्फ छोटे (40) लकड़ी काटने का काम करता था। परिवार में पत्नी सुषमा (37), बड़ी बेटी कामनी, बेटे हनी और सिद्धार्थ और छोटी बेटी कशिश हैं। परिजनों के मुताबिक, देशराज अपनी पत्नी सुषमा के साथ सोमवार सुबह 10 बजे नहर की पटरी पर लकड़ी काटने गया था। सोमवार को काफी समय बीतने के बाद भी दोनों घर नहीं लौटे तो



परिवार वालों को चिंता हुई। उन्होंने दोनों की तलाश शुरू की। जंगल में एक जगह दरांती और चप्पल मिले, मगर उनका पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सुबह 10 बजे देशराज का शव पेड़ पर मिला। थोड़ी देर बाद पत्नी का शव भी नदी किनारे मिला।

मक्का में पहली बार मिसाइल अटैक का इमरजेंसी अलर्ट

मक्का, 15 सितंबर (एजेंसी)। यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को सऊदी अरब पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इसके बाद सऊदी अरब ने मक्का में पहली बार इमरजेंसी अलर्ट जारी किया। सऊदी सिविल डिफेंस के मुताबिक, नेशनल अर्ली वार्निंग प्लेटफॉर्म ने अलर्ट जारी किया था। लोगों से ऊंची इमारतों से दूर रहने की अपील की गई। कुछ देर बाद सिविल डिफेंस ने बताया कि खतरा टल गया है। हालांकि, लोगों से भीड़ से दूर रहने और किसी घटना की वीडियो या फोटो नहीं बनाने की अपील की गई। मंगलवार सुबह जेद्दा और ताइफ में भी ऐसे ही इमरजेंसी अलर्ट जारी किए गए थे। इन्हें भी कुछ देर बाद वापस ले लिया गया। इससे पहले 27 जुलाई 2017 को हूती विद्रोहियों ने मक्का की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। लेकिन मिसाइल को मक्का से करीब 69 किलोमीटर दूर ताइफ के अल-वसिलिया इलाके के ऊपर इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया गया था। मक्का, जेद्दा और ताइफ में जारी अलर्ट में लोगों से कहा गया कि वे भीड़ और खुले इलाकों में जाने से बचें। लोगों से शांत रहने और किसी भी खतरे की स्थिति में तुरंत सुरक्षित जगह जाने की अपील की गई। लोगों को घर के अंदर रहने और खिड़कियों, बालकनी, छत, कांच और खुली जगहों से दूर रहने को कहा गया है। अगर कोई व्यक्ति घर से बाहर हो, तो उसे तुरंत पास की किसी बिल्डिंग में जाने या किसी मजबूत चीज की आड़ में छिपने और खतरा टलने तक वहीं रहने की सलाह दी गई है। सोमवार को हूतियों ने सऊदी शहरों खमिस मुशैत, अबहा और ताइफ की ओर कई मिसाइल और ड्रोन दागे थे।

लापता युवक गंगनहर में छलांग लगाता नजर आया

खतौली, 15 सितंबर (बु.)। विगत् दो दिन से गांव भैंसी से लापता युवक कोतवाली पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में युवक गंगनहर पुल से नहर में छलांग लगाता दिखाई दिया। मिली जानकारी के अनुसार खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसी निवासी जोनी विगत दो दिन पूर्व अचानक घर से लापता होने से परिजनों में कोहराम मच गया था। युवक की कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों द्वारा कोतवाली पहुंचकर लापता युवक की तलाश करने की गुहार लगाई गयी थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस द्वारा युवक की तलाश के दौरान आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गयी तो फुटेज में लापता युवक गंगनहर पुल से नहर में छलांग लगाता नजर आया। पुलिस द्वारा युवक के गंगनहर में कूदने की फुटेज दिखाए जाने पर जोनी की पत्नी अचानक बेहोश हो गई तथा परिजनों में हड़कम्प मच गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लापता युवक की तलाश में पुलिस द्वारा गोताखोरों को लगाकर तलाश शुरू कर दी गयी है।

अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार, एक की मौत दो घायल

भोपा, 15 सितम्बर (बु.)। दिल्ली से हरिद्वार घूमने जा तीन युवकों की तेज रफ्तार कार जौली चौकी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सवार तीनों युवक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को कार से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत के चलते एक युवक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान घायल युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। दिल्ली से तीन दोस्त फिरोजाबाद जनपद के नसीरपुर थाना क्षेत्र के गांव हरगनपुर धाधो निवासी आर्यन धीमान, रोहित निवासी अलीगढ़ और सत्यम निवासी प्रयागराज मंगलवार सुबह अपनी कार में सवार होकर हरिद्वार घूमने जा रहे थे कार को रोहित चला रहा था। जैसे ही कार भोपा थाना


मृतक का फाइल फोटो

क्षेत्र की जौली चौकी के सामने पहुंची, तो अचानक मोड़ आ जाने के कारण कुछ दूर जाकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार बहुत अधिक थी, जिसके कारण चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका। सूचना पर जौली चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह कार को सीधा कर घायलों को बाहर निकाला, जिसके बाद घायल आर्यन, सत्यम और रोहित को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां से आर्यन 24 वर्ष की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान आर्यन की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर भोपा थाने पर पहुंचे परिजनों में हाहाकार मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। युवक की हादसे में मौत के बाद पिता चंद्रपाल सिंह सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा है।





तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल, पैर में तीन जगह फ्रैक्चर

बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)। बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में मंगलवार शाम सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब गांव निवासी सौरभ सैनी पुत्र राकेश सैनी मोटरसाइकिल से घास लेकर अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आए एक बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सौरभ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और घायल सौरभ को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि युवक के पैर में तीन जगह फ्रैक्चर हुआ है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना पुलिस को भी दी गई। मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाले बाइक सवार को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार मंडवाड़ा गांव का निवासी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।



तीन दिन मुजफ्फरनगर होते हुए गाजियाबाद पहुंचेंगी दो ट्रेनें

देहरादून, 15 सितंबर (एजेंसी)। दिल्ली मंडल के गाजियाबाद - महरौली और गाजियाबाद - चिपयाना बुजुर्ग रेलखंड पर विद्युत संपर्क तारों में बदलाव कार्य के चलते तीन दिनों तक मार्ग पर ट्रेनों को आवागमन प्रभावित होगा। इस दौरान ट्रेनों को मार्ग परिवर्तन और नियंत्रित कर संचालित किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि कार्य के चलते 17, 19 और 21 सितंबर को रोजाना 3 घंटों का पॉवर और ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान गाड़ी संख्या 54075 बरेली - दिल्ली एक्सप्रेस 16,18 और 20 सितंबर, गाड़ी संख्या 54076 दिल्ली - बरेली एक्सप्रेस 17, 19 और 21 सितंबर को निरस्त रहेंगी। वहीं, गाड़ी संख्या 13065 हावड़ा - आनंद विहार टर्मिनल को 17 सितंबर व 04013 लोकहा बाजार - आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस को 15, 17 व 19 सितंबर को मार्ग परिवर्तन कर मुरादाबाद - लक्सर - रुड़की - टपरी, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी - गाजियाबाद मार्ग से चलाया जाएगा। गाड़ी संख्या 15092 टनकपुर - दौराई एक्सप्रेस 16, 18 और 20 सितंबर को टनकपुर से अपने निर्धारित समय से 90 मिनट देरी से चलेगी।

गांव रुकनपुर में पुलिस कर्मियों पर पथराव, रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)। गांव रुकनपुर में 13 सितंबर की रात को अजय कुमार, प्रियांशु व अन्य का कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया।इसकी सूचना पर रात दस बजे डायल 112 पर दी गई।पीआरवी पर तैनात पर सिपाही सत्यवान सिंह, होमगार्ड चालक शक्तिराम गांव में पहुंचे। पुलिस कर्मियों के गांव में पहुंचने के बाद लोगों ने उन्हें घेर लिया। पुलिस कर्मियों ने कार्रवाई की चेतावनी दी तो आरोपियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव होने पर सिपाही सत्यवान सिंह, होमगार्ड शक्तिराम ने किसी तरह से भागकर जान बचाई। पथराव में सिपाही सत्यवान की आंख पर पत्थर लगने से वह घायल हो गया। जिसका जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। सिपाही की ओर से आरोपी अजय कुमार और प्रियांशु समेत अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रयागराज में शूटआउट : सपा नेता पवन यादव की गोली मारकर हत्या

प्रयागराज, 15 सितंबर (एजेंसी)। हंडिया इलाके में मंगलवार शाम बाइक सवार नकाबपोश तीन बदमाशों ने समाजवादी पार्टी गंगापार के जिला सचिव और पूर्व ग्राम प्रधान पवन कुमार यादव (50) की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात हंडिया थाने से महज करीब 500 मीटर दूर कर्मनाशा मोहल्ले में हुई। गोली पवन की पीठ में लगी। गंभीर हालत में उन्हें कई अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन एसआरएन अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद तीनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। सरेराह हुई हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। हंडिया थाना क्षेत्र के मुगरांव गांव निवासी पवन कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय कामता प्रसाद यादव पूर्व ग्राम प्रधान भी रह चुके थे। उनकी मां धनराजी देवी भी गांव की पूर्व प्रधान रही हैं। जबकि पवन यादव वर्तमान में समाजवादी पार्टी के जिला सचिव थे। परिवार में पत्नी नीतू देवी, तीन बेटियां खुशी, मुस्कान और छोटी और बेटा प्रिंस है। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे पवन अपनी कार से हंडिया कस्बे पहुंचे। कर्मनाशा मोहल्ले में उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी की और पास स्थित एक कैफे में दोस्तों से बातचीत करने चले गए।


पवन यादव, मृतक सपा नेता

सामान खरीदने आई महिला का दो महिलाओं ने पांच हजार रुपयों से भरा पर्स चोरी किया

मीरापुर, 15 सितंबर (बु.)। कस्बे में एक किरयाना स्टोर पर घरेलू सामान खरीदने आई महिला का दुकान पर खरीदारी के बहाने पहले से ही खड़ी दो महिलाओं ने पांच हजार रुपयों से भरा पर्स चोरी कर लिया। चोरी की घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के माध्यम में महिलाओं की तलाश में जुट गई।

रामराज क्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी महिला कमरो पत्नी जमालुद्दीन मंगलवार की शाम मीरापुर में मेन बाजार में स्थित व्यापारी रोहित सिंघल की दुकान दीप किरयाना स्टोर पर सामान खरीदने आई थी। इस दौरान वहाँ सामान खरीदने के बहाने पहले से ही खड़ी दो अन्य महिलाओं ने कमरो का रुपयों से भरा पर्स चोरी कर लिया तथा मौके से फरार हो गई। महिला कमरो के अनुसार उसके पर्स में पांच हजार रुपये थे। पीड़ित महिला कमरो को चोरी की घटना का जब पता चला, जब उसने सामान का भुगतान करने के लिए पर्स निकालना चाहा। पर्स नहीं मिलने पर हड़कम्प मच गया, जिस पर व्यापारी रोहित सिंघल पर पड़ौसी व्यापारी शिवम गोयल ने दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये तो पहले से ही वहाँ खड़ी दोनों महिलाएं पर्स चोरी करती दिखाई दी। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद होने पर व्यापारी रोहित सिंघल ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुँची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोरी करने वाली महिलाओं की तलाश में जुट गई।





शेष समाचार : दबंगों ने की...

पुलिस अधिकारियों द्वारा परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस वायरल वीडियो और घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। मृतक के पुत्र बाबू का कहना है कि गांव के ही पप्पू के पुत्र के साथ सुबह के समय हुई गाली गलौच की घटना के बाद शाम को पप्पू और उसके पुत्रों मनोज, छोटू और राजू ने खुले आम सड़क पर उसके पिता की निर्ममता से पिटाई की। इससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की। घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक ने बताया कि थाना फुगाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र फुगाना के ग्राम खरड में एक व्यक्ति जय सिंह पुत्र सिरीया के साथ मारपीट की गयी है जिनकी दौराने उपचार मृत्यु हो गयी है। इस सम्बन्ध में थाना फुगाना पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

किन्नर जोया ने कहा : मदद बंद की तो लगाने लगी आरोप

मुजफ्फरनगर,15 सितंबर (बु.)। पति पर तीन तलाक देकर किन्नर के साथ संबंध बनाने के तीन बच्चों की मां राबिया के आरोपों के बाद किन्नर जोया ने एक वीडियो जारी कर राबिया पर आर्थिक मदद लेने के बाद उसे बदनाम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी राबिया के पति इस्तखार बेग के साथ सिर्फ दोस्ती थी और कुछ नहीं।

आर्यपुरी निवासी राबिया ने अपने पति इस्तखार बेग पर किन्नर जोया से संबंधों के चलते उसे तीन तलाक देने का आरोप लगाया था। हालांकि इस्तेखार बेग ने मामले को लेकर पत्नी के आरोपों को गलत बताते हुए कहा था कि वह काम के लिए उड़ीसा गया हुआ है। अब जोया ने वीडियो जारी कर कहा है कि उसने राबिया और उसके परिवार की कई बार आर्थिक मदद की। परिवार पर कई लाख रुपये खर्च कर दिए। उसका आरोप है कि जैसे ही उसने खर्च उठाना बंद किया, उसे बदनाम किया जाने लगा। उसने कहा कि इस्तखार के साथ उसका रिश्ता सिर्फ दोस्ती का था। दोनों के बीच घर आना-जाना था और परिवार के लोग भी इस बारे में जानते थे। जोया ने इस्तखार के साथ भाग जाने के आरोप को पूरी तरह गलत बताया। उसे खुद नहीं पता कि इस्तखार इस समय कहां है। बीती रात वीडियो जारी कर जोया ने प्रशासन से अपील की कि इस्तखार को बरामद कर उसके परिवार को सौंपा जाए और उसे भी इस मामले में इंसाफ दिया जाए।



मेरठ में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में गैस रिसाव : 8-10 लोगों की तबीयत बिगड़ी, आसपास के घर खाली कराए

मेरठ, 15 सितंबर (एजेंसी)। मंगलवार शाम करीब 8:30 बजे एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में गैस रिसाव से हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर बस्ती को खाली करा लिया गया। आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। 8-10 लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह सीवेज प्लांट मोदीपुरम के पल्लवपुरम फेस-2 में है। घटना की सूचना मिलते ही डीएम-एसएसपी मौके पर पहुंचे। आसपास के घरों को खाली कराया। फायर ब्रिगेड कर्मी मास्क पहनकर गैस रिसाव को कंट्रोल करने की कोशिश में जुटे रहे। जलकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। दौराला ऑर्गेनिक के सेफ्टी ऑफिसर विशाल गुप्ता ने बताया- एसटीपी प्लांट में क्लोरीन गैस का इस्तेमाल होता है। यह गैस भारी होती है। यहां जिन कर्मचारियों ने क्लोरीन डाली थी, उन्होंने टनल वाले पाइप में वॉशर नहीं लगाया था। चेकिंग के दौरान वॉशर गायब मिला। इसी वजह से गैस लीक हुई। गैस भारी होने के कारण यह हवा में नहीं मिल पाई। पानी को कीटाणुरहित करने के लिए क्लोरीन का इस्तेमाल किया जाता है। क्लोरीन नियंत्रित मात्रा में इस्तेमाल होने पर उपयोगी है, लेकिन गैस के रूप में इसका रिसाव आसपास के लोगों के लिए गंभीर परेशानी पैदा कर सकता है। क्लोरीन गैस के रिसाव की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गैस फैलने की खबर आसपास के लोगों तक पहुंची तो कई लोग एहतियात के तौर पर घरों से बाहर निकल आए।



होमगार्ड भर्ती के लिए दौड़ रहे नौ अभ्यर्थियों की हालत बिगड़ी, शामली के युवक की मौत, एक वेंटिलेटर पर

मेरठ, 15 सितंबर (एजेंसी)। कैलाश प्रकाश स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया के तहत शारीरिक परीक्षा के दौरान नौ अभ्यर्थियों की हालत बिगड़ गई। इनमें से शामली निवासी एक अभ्यर्थी की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। 4.8 किलोमीटर की दौड़ लगाने के दौरान अभ्यर्थियों का बुरा हाल हो गया, उनका सांस लेना भी दूभर हो गया। सात को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि दो का अभी इलाज चल रहा है। भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने पहुंचे कुल 1,017 अभ्यर्थियों से अलग-अलग चरण में दौड़ लगवाई जा रही थी। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित 28 मिनट के भीतर 4.8 किलोमीटर की दूरी तय करनी थी। इसी दौरान नौ अभ्यर्थियों की स्थिति बिगड़ने लगी। मैदान में उपस्थित स्वास्थ्य दल ने रोगी वाहन की सहायता से सभी नौ अभ्यर्थियों को तुरंत लाला लाजपत राय स्मारक चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचाया। वहां उपचार के दौरान शामली जिले के निसार निवासी अभ्यर्थी अंकुज मलिक की मृत्यु हो गई। वहीं प्राथमिक इलाज के बाद सात अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया गया, जबकि दो अन्य अभ्यर्थियों का चिकित्सा महाविद्यालय में उपचार चल रहा है और चिकित्सक उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इनमें से सचिन कुमार निवासी गुर्जरपुर, थाना झिंझाना, शामली की हालत गंभीर है, वह वेंटिलेटर पर है।